राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 60, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 16 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

चंद्रयान तीन और जी 20 में बेहतर कार्य करने वाले इंजीनियर्स को किया सम्मानित .... पेज 03

रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना को योगी सरकार की पहल से मिलेगी रफ्तार .... पेज 05

मुकुंद शशि कुमार और लीनी यसीन के बीच मुकाबले से होगा डेविस कप का आगाज .... पेज 07

## पीएम मोदी ग्लोबल लीडर अप्रूवल लिस्ट में फिर टॉप पर

**76 प्रतिशत रेटिंग मिली, जो पिछली बार से 2 प्रतिशत कम; बाइडेन सातवें और ऋषि सुनक 15वें स्थान पर**

एजेंसी



नई दिल्ली। पीएम मोदी ग्लोबल लीडर्स की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। इस बार उन्हें 76 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। मोदी के बाद लिस्ट में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट 64 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दूसरे और मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज 48 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर और इटली की पीएम जी मेलोनी 42 प्रतिशत रेटिंग के साथ छठे स्थान पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 40 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर हैं। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 27 प्रतिशत रेटिंग के साथ 15वें स्थान पर आ गए हैं।

इससे पहले जून 2023 में ग्लोबल लीडर्स की अप्रूवल रेटिंग लिस्ट जारी हुई थी। उसमें भी पीएम मोदी टॉप पर थे, लेकिन पिछली लिस्ट की तुलना में उनकी रेटिंग 2 प्रतिशत कम हुई है। पिछली बार उन्हें 78 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सातवें स्थान पर थे। जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 12वें स्थान पर थे।

डिसिजन इंटेलीजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट ने 14 सितंबर को 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रैकर' जारी किया गया है। ये अप्रूवल रेटिंग 6 से 12 सितंबर के बीच इकट्ठे किए गए डेटा के आधार पर दी गई है। जिसमें कई देशों के लोगों से बात कर ग्लोबल लीडर्स के बारे में अपनी राय जानी गई। इस लिस्ट में 22 देशों के नेताओं को शामिल किया गया है, जिसमें ज्यादातर जी 20 के मेंबर्स हैं।

## कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आज

नई दिल्ली। कांग्रेस की पुनर्गठित वर्किंग कमेटी की पहली बैठक शनिवार को यहां होगी जिसमें अगले साल के लोकसभा चुनाव और इस साल पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन किया जाएगा। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार कार्य समिति की इस बैठक के साथ ही कांग्रेस तेलंगाना के लिए छह गारंटी देगी और सरकार बनने के तुरंत बाद, कर्नाटक की तर्ज पर उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस तेलंगाना के साथ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में भी जीत हासिल करेगी।

## नूंह हिंसा में कांग्रेस एमएलए को जयपुर से किया गिरफ्तार



चंडीगढ़। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हिंसा फैलाने के आरोप में देर रात फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार कर लिया है। मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। खान को शुक्रवार दोपहर को एसआईटी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से विधायक को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

एमएलए मामन खान की गिरफ्तारी पर नूंह के एसपी नरेंद्र बिजारणियां ने कहा- नूंह के बडकली चौक पर हुई हिंसक घटना में मामन खान की भूमिका मिली है। इसके साथ ही खान दंगा फैलाने वालों के संपर्क में भी थे। 31 जुलाई को खान की लोकेशन भी हिंसा वाली जगह के आसपास मिली है।

## जम्मू-कश्मीर सरकार आतंकवादियों, उनके समर्थकों की संपत्ति करेगी जब्त




जम्मू। जम्मू-कश्मीर सरकार ने आतंकवाद पर नकेल कसने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कश्मीर घाटी और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में छिपे चार हजार से अधिक आतंकवादियों और उनके समर्थकों की संपत्तियों को जब्त करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों ने शुक्रवार को यहां कहा, प्रशासन ने पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के लिए संयुक्त रूप से रणनीति बनाई है।

उन्होंने खुलासा किया कि योजनाबद्ध रणनीतियों के तहत जल्द ही 4200 आतंकवादियों और उनके सहयोगियों की संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। सूत्रों ने कहा, यह तय है कि आतंकवादियों को मदद पहुंचाने वाले ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और उनकी मदद करने वाले शितेदारों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

उन्होंने बताया कि करीब 4200 ऐसे लोगों की सूची तैयार है और इस पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

उन्होंने कहा, न केवल आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं बल्कि समर्थक उनके लिए ठिकाने, हथियार और अन्य रसद सहायता की भी व्यवस्था कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को जमीन पर कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इसी के तहत पिछले एक महीने में जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ जिलों में करीब 24 से अधिक आतंकवादियों की संपत्ति जब्त की गई है।

सूत्रों ने कहा , प्रशासन विभिन्न सरकारी विभागों में सक्रिय आतंकवादियों के छिपे हुए नेटवर्क को भी तोड़ रहा है, जो कि सीमा पार अपने आकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं।

उन्होंने खुलासा किया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने ऊपर से नीचे तक सभी पुलिस अधिकारियों को ऐसे सभी तत्व जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं , की पहचान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, सरकार उनकी संपत्ति का विवरण और उनकी वर्तमान स्थिति का पता लगा रही है।

## 4 दिन में 4 जवान शहीद, एनकाउंटर जारी

**आतंकियों की तलाश में घेराबंदी; ड्रोन, राकेट लॉन्चर से की जा रही बमबारी**



अनंतनाग। कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से घायल जवान की भी मौत हो गई है। अनंतनाग में चल रहे एनकाउंटर में अब तक 4 शहीद हो चुके हैं। इनमें सेना के दो अफसर एक जवान और एक पुलिस अफसर शामिल हैं। 2-3 आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगलों में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है।

इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। एक जवान भी शहीद हुआ है। इससे पहले मंगलवार को राजौरी में भी एनकाउंटर हुआ था, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हुआ था।

अनंतनाग के एनकाउंटर में सेना के कमांडोज के साथ ही स्निफर डॉग्स, ड्रोन और हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किलोमीटर के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।

### कर्नल मनप्रीत और मेजर आशीष का अंतिम संस्कार

मोहाली के रहने वाले कर्नल मनप्रीत का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। वहीं पानीपत के मेजर आशीष धौंचक के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बिंझौल ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीद डीएसपी हुमांयू भट को गुरुवार को उनके पैतृक गांव बडगाम में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था।

### बारामूला में लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए आतंकवादी समूह के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने दोनों आतंकवादी सहयोगियों की पहचान बारामूला निवासी जैद हसन मल्ला और मोहम्मद आरिफ चन्ना के रूप में की। पुलिस ने बयान में कहा, दोनों सीमा पार पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं के इशारे पर हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करते हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इन हथियार और गोलाबारूद को लश्कर के आतंकवादियों तक पहुंचाने का काम करते हैं। बारामूला पुलिस और सेना की आठवीं राष्ट्रीय राइफल्स ने इन दोनों आतंकवादी सहयोगियों को संयुक्त अभियान के तहत सीमांत इलाके उरी से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा, उरी के परनपीलन पुल में नाका जांच के दौरान संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा जो दाची से परनपीलन पुल की ओर आ रहे थे और पुलिस को देखते हुए दोनों संदिग्धों ने भागने की कोशिश की, लेकिन संयुक्त टीम ने उन्हें दबोच लिया।

## ट्रिपल मर्डर : दलित पिता-बेटी और दामाद की हत्या

**भीड़ ने 8 घरों को फूंका 4 जिलों की फोर्स पहुंची; किसी के माथे तो किसी के सीने में मारी गोली**





कौशांबी। कौशांबी में ट्रिपल मर्डर हुआ है। यहां दलित पिता, बेटी और दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार रात सोते वक्त तीनों की हत्या की गई। चारपाई में तीनों के खून से लथपथ शव मिले। वारदात का पता शुक्रवार सुबह 6 बजे उस वक्त चला जब आस-पास के लोग पहुंचे। इसके बाद लोग भड़क गए और आगजनी-बवाल शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने पड़ोस के 7-8 घरों को फूंक दिया। शक है कि जमीनी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना संदीपन घाट क्षेत्र की है।

वहीं, इस मामले में 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी अमर सिंह और अमित सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा 6 अन्य की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। इनमें गुड्डू यादव, अरविंद सिंह, अरविंद सिंह, राजेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, अजीत शामिल हैं।

तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। कुछ देर में शव गांव लाए जाएंगे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, होरीलाल के माथे में गोली मारी गई, जो आरपार हो गई थी। जबकि बेटी की गर्दन में तमंचे को टेढ़ा करके गोली मारी गई है। वह 6 महीने की प्रेग्नेंट भी थी। जबकि दामाद के सीने में गोली मारी गई थी, जो आर-पार हो गई है। कल यानी शनिवार सुबह अंतिम संस्कार होगा।

होरीलाल (62), उनकी बेटी बृजकली (22) और दामाद शिवसागर (26) को सोते वक्त ही गोली मारी गई है। जब सुबह परिवार और रिश्तेदार पहुंचा, तो झोपड़ी के आसपास के 8-9 घरों में ताला बंद था। ऐसे में गुस्साए लोगों का शुरुआती शक इन्हीं पर गया। इसके बाद उन लोगों ने आगजनी शुरू कर दी और 7-8 घरों को फूंक दिया।

बवाल की सूचना पर तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम और थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान पथराव में तहसीलदार का सिर फट गया। वहीं, 6 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। मामला बढ़ता देखकर एडीजी, कमिश्नर, IG, SP और चायल और सिराथू के सीओ मौके पर पहुंचे। इसके बाद स्थिति को काबू पाने के लिए फतेहपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज और कौशांबी से पुलिस फोर्स बुलाई गई। 2 किलोमीटर की रेंज करीब 500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है। लेकिन फोर्स मौके पर मौजूद है।

कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर और चायल से सपा विधायक पूजा पाल मौके पर पहुंची हैं। दोनों नेताओं ने पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। विनोद सोनकर ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करें। उन सभी के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की जाए।

### आपसी विवाद मे तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

पटना। बिहार में पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुये विवाद में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार की रात सुरगा गांव में दूध का बकाया पैसा मांगने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के लोगो ने गोलीबारी शुरू दी। इस घटना में तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया।

**शहीद**



कर्नल मनप्रीत सिंह के अंतिम संस्कार से पहले उनके पैतृक स्थान मोहाली में उनके पार्थिव शरीर के पास विलाप करते परिवार के सदस्य और रिश्तेदार। कर्नल मनप्रीत सिंह बुधवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

## पेट्रोल पंप ऑपरेटर्स की हड़ताल 10 दिन के लिए स्थगित

**डीलर्स एसोसिएशन की मांगों पर सरकार ने बनाई कमेटी, 10 दिन में देंगे रिपोर्ट**



राजस्थान। राजस्थान में शुक्रवार सुबह से शुरू हुई पेट्रोल पंप संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दोपहर 3 बजे स्थगित हो गई। सरकार से वार्ता के बाद एसोसिएशन ने यह निर्णय किया। एसोसिएशन की मांगों पर सरकार की ओर से 10 दिन का समय मांगा गया है। इसके लिए कमेटी बनाई गई है। राजस्थान में पंजाब की तरह वेट कम करने की मांग को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बुधवार और गुरुवार को सांकेतिक हड़ताल की थी। गुरुवार शाम को सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने के बाद शुक्रवार सुबह 6 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। सुबह से ही प्रदेश के 47 जिलों में पेट्रोल पंप बंद हो गए थे। दोपहर में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की ओर से प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक तय की गई। मंत्री और प्रतिनिधि मंडल के बीच वार्ता के बाद सहमति बनी। प्रदेश के सभी पंपों पर पेट्रोल, डीजल व सीएनजी-एलपीजी की सप्लाई नहीं हो पाई थी। वहीं, कंपनियों की ओर से संचालित प्रदेशभर के 60 पंपों पर पेट्रोल और डीजल की बिक्री हो रही थी। इनमें जयपुर के भी 8 कोको पंप शामिल थे।

## ससुरालियों ने विवाहिता के काटे बाल, फिर मुंह काला कर गांव में घुमाया



हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर ससुरालियों ने एक विवाहिता महिला के बाल काट और मुंह काला कर पूरे गांव में घुमाया। मामले में भोरंज पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। यह घटना 15 दिन पहले की बताई जा रही है। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। इस मामले में विवाहिता के शुक्रवार को भोरंज थाना में बयान दर्ज किए गए है।

बताया जा रहा है कि मामले में जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारियां हो सकती है। फिलहाल पीड़ित महिला का मेडिकल करवाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मामले में 15 दिन बीत जाने के बाद केस दर्ज न होने पर भोरंज थाना में पहुंच स्थानीय पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

यह कहा जा रहा है कि दोनों पक्षों में समझौता होने पर केस दर्ज नहीं हो पाया था। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ दिख रहा है कि महिला के बाल काटकर पूरे इलाके में घुमाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि महिला बिना बताए घर से चली गई थी। चार माह बाद लौटी तो ससुराल पक्ष वालों ने महिला का मुंह काला कर पूरे गांव में घुमाया और इसका वीडियो भी वायरल हो गया।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा ने कहा कि मीडिया के माध्यम से वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया है। मामले में भोरंज थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। महिला के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

**हादसा**

**ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन बिल्डिंग में हादसा, लिफ्ट में सामान लेकर जा रहे थे 9 लोग**

## 80 फीट की ऊंचाई से लिफ्ट गिरी, 4 लोगो की मौत



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां आम्रपाली ग्रुप की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट 80 फीट की ऊंचाई से गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 घायल हैं। सभी मृतक मजदूर हैं, जो बिल्डिंग में काम कर रहे थे। हादसे के वक्त लिफ्ट में बैठकर नीचे से ऊपर जा रहे थे। घटना ग्रेटर नोएडा के बिसरख में सुबह साढ़े 8 से 9 बजे के बीच हुई।

जानकारी के मुताबिक, लिफ्ट में 9 मजदूर सवार थे। जैसे ही लिफ्ट 8 से 9वीं मजिल के बीच पहुंची, तभी अचानक फ्री हो गई और नीचे आ गिरी। लिफ्ट सामान ढोने वाली थी। इसमें कोई भी स्प्रिंग नहीं लगी थी। इसी वजह से लिफ्ट तेजी से नीचे गिरी। लिफ्ट गिरते ही बिल्डिंग में काम कर रहे बाकी लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इनमें से 4 को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाकी 5 का इलाज चल रहा है।

### डीएम समेत पुलिस फोर्स मौके पर, सीएम ने दिए जांच के आदेश

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम मनीष वर्मा व अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। वहां घायलों का हाल-चाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि लिफ्ट में क्षमता से ज्यादा लोग और सामान था। इसलिए लिफ्ट गिर गई। फिलहाल, बिसरख थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मजदूरों के परिवार को हादसे के बारे में जानकारी दे दी गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच करके कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### कई दिन से चल रहा था निर्माण

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ये बिल्डिंग गौर सिटी के पास मूर्ति चौराहे के पास है। इसमें काफी दिनों से कंस्ट्रक्शन चल रहा है। हादसे के बाद सैकड़ों मजदूर वहां इकट्ठे हो गए। कंस्ट्रक्शन करा रहे मालिकों को भी घटना की जानकारी दी गई। मृतकों में 3 बिहार और एक यूपी का रहने वाला था। इनकी शिनाख्त इस्ताक अली (23), अरुण तांती मंडल (40) विपोत मंडल (45) और यूपी के आरिस खान (23) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों की पहचान असुल मुस्तकीम, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप, कैफ, अरबाज के रूप में हुई है।

गौरवशाली भारत

नई दिल्ली
शनिवार 16 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## नीतीश कुमार की पार्टी से भाजपा का अब कोई समझौता नहीं : सम्राट

बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आज स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से भाजपा का अब कोई समझौता करने का सवाल ही नहीं उठता है। चौधरी ने शुक्रवार को यहां सिरोपट्टी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वर्ष 2024 मे होने वाला लोकसभा चुनाव भाजपा के नेतृत्व मे लड़ा जायेगा। यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अपार बहुमत के साथ केन्द्र मे सरकार बनायेगी।



# शार्ट न्यूज

## केसीआर ने नौ मेडिकल कॉलेजों का किया उद्घाटन

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने शुक्रवार को प्रगति भवन में आयोजित एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से राज्य में नौ नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। राज्य के कामारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, जयशंकर भूपालपल्ली, कोमाराम भीम आसिफाबाद, निर्मल, राजन्ना सिरिसिला, विकाराबाद और जंगम जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव, मुख्य सचिव शांति कुमारी के साथ-साथ कई विधायक, विधान परिषद के सदस्य, सांसद और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। केसीआर ने भारतीय चिकित्सा क्षेत्र में इस विकास के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इन नए मेडिकल कॉलेजों में सीटें हासिल करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस बात पर प्रकाश डाला कि 85 प्रतिशत सीटें स्थानीय उम्मीदवारों को आवंटित की गई हैं। इसके अलावा, केसीआर ने आने वाले वर्ष में आठ अतिरिक्त मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन की योजना की भी घोषणा की। मंत्री केटीआर और हरीश राव ने संबंधित जिलों के जन प्रतिनिधियों को समुदाय के साथ जुड़ने और इन नए मेडिकल कॉलेजों के लाभों को समझाने का निर्देश दिया।

## एंकर के खिलाफ त्वरित कार्रवाई न करे पुलिस , कर्नाटक हाईकोर्ट का आदेश

बेंगलुरु । कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आज तक टीवी समाचार एंकर सुधीर चौधरी की उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किये जाने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति जतायी और बेंगलुरू पुलिस को अगले आदेश तक त्वरित कार्रवाई न किये जाने के निर्देश दिये। उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा, मैं मामले की सुनवाई करने जा रहा हूं। इस मामले का निपटारा किया जाना है। मैं इसे लंबित नहीं रख सकता। मुझे मामले की सुनवाई के लिए मंगलवार तक का समय चाहिए। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 सितंबर की तिथि मुकर्रर की है। यह मामला 11 सितंबर को आजतक पर प्रसारित एक कार्यक्रम में एंकर की ओर से एक सरकारी योजना के संबंध में फैलाई गई कथित गलत सूचना से संबंधित है। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने आरोप लगाया कि एंकर ने कहा कि यह योजना केवल अल्पसंख्यकों के लिए है। उन्होंने एंकर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। श्री खड़गे के आरोपों पर टिप्पणी करते हुए चौधरी ने कहा था कि वह कानूनी लड़ाई के लिए तैयार हैं।

## तेंदुए की दो खाल के साथ तस्कर गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड की हल्द्वानी पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम ने संयुक्त अभियान के तहत गुलदार (तेंदुआ) की खाल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अस्पताल से गिरफ्तार किया गया। नैनीताल के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने हल्द्वानी में शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एसओजी की टीम को बागेश्वर से हल्द्वानी तेंदुए की खाल की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस और एसओजी की टीम तस्कर पर निगाह रखने लगी। आरोपी खाल के साथ ही उपचार के लिये हल्द्वानी के साईं अस्पताल में भर्ती हो गया। उपचार कराने के बाद आरोपी खाल को बेचने की फिराक में था। इसी दौरान पुलिस ने अस्तपाल में छापा मार कर आरोपी की जांच की तो उसके पास से तेंदुए की दो खालें बरामद हुईं। मौके पर वन विभाग की टीम को बुलाकर तेंदुए की खालों की पुष्टि की गयी। आरोपी नवीन चंद्र निवासी कपकोट, बागेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही उसके खिलाफ मुखानी थाना में वन्य जीव जंतु सरंक्षण अधिनियम की संगीन धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी ने बताया कि उसने पैसों के लालच में आकर खाल को बेचने की योजना बनायी।

## कोटा के स्टार्टअप को इकोसिस्टम से जोड़ने का मौका

कोटा। राजस्थान के कोटा में संचालित स्टार्टअप को अब बड़े शहरों की ही भांति स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने का मौका मिल रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनक्यूबेशन सेंटर में आई स्टार्ट की ओर से 16 सितम्बर को इन्वेस्टमेंट मास्टर क्लास में स्टार्टअप के जाने-माने स्पीकर्स, एक्सपर्ट एवं एंजेल इन्वेस्टर ऋश्चव अग्रवाल (फाउंडर एवं सीईओ पीक्सेल) एवं शान्तनु जैन (फाउंडर एवं सीईओ रीडऑन) से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। सूत्रों ने बताया कि कोटा में में संचालित राजस्थान सरकार के आई स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से कोटा के स्टार्टअप को अब बड़े शहरों की ही भांति स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने का मौका मिल रहा है। इसी श्रृंखला में 16 सितम्बर को मास्टर क्लास में चर्चित स्पीकर्स और सफल फाउंडर्स से स्टार्टअप को फाइनेंस और मार्केटिंग के गुर के साथ ही यह भी जानने का मौका मिलेगा कि किस प्रकार बेहतर प्रबंधन और सकारात्मक सोच से स्टार्टअप सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## मीडिया एवं कम्पयूनिकेशन कमेटी की बैठक संपन्न

जयपुर। आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों हेतु गठित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया एवं कम्पयूनिकेशन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज कमेटी की चेयरपर्सन ममता भूपेश की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम पर सम्पन्न हुई। बैठक में कॉ-चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी, कन्वीनर मुकेश भाकर, कॉ-कन्वीनर जसवंत गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित सभी सदस्यों ने भाग लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक में सम्भाग एवं जिला स्तर पर मीडिया सेंटर स्थापित करते हुये राजस्थान की लोककल्याणकारी सरकार की योजनाओं एवं भाजपा द्वारा केन्द्र में सरकार बनाने से पूर्व किये गये वादों को नहीं निभाते हुये जनता पर मंहगाई एवं बेरोजगारी का बोझ डालने के मुद्दे को जनता के समक्ष मीडिया के माध्यम से उजागर करने का कार्य किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम में दोपहर 3 बजे आगामी विधानसभा चुनावों हेतु गठित पब्लिसिटी एवं पब्लिकेशन कमेटी की बैठक कमेटी चेयरमेन मुरारीलाल मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी चुनावों में प्रचार-प्रसार एवं सामग्री हेतु व्यापक विचार-विमर्श किया जाकर रणनीति बनाने पर चर्चा हुई।

## मणिपुर की सीमा को मान्यमार से घुसपैठ रोकने के लिए सीमा सील करने की मांग की

अजमेर । राजस्थान के अजमेर में आज मणिपुर से आये मैतेई समुदाय के युवाओं ने देशव्यापी आन्दोलन के तहत अजमेर जिलाधीशालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। मणिपुर हिंसा के विरोध में पूरे देश में आक्रोश है जिसके लिए मणिपुर का मैतेई समुदाय जन समर्थन जुटा रहा है। चीन कुकीज और म्यांमार नार्को आतंकवादी जो अफीम की खेती कर पूरे भारत को नशे में डुबाने का काम कर रहे है जिसके खिलाफ मैतेई समुदाय आवाज उठा रहा है, आने वाले समय में कुकी को अफीम की खेती करना बन्द नहीं करवाया गया तो पूरा भारत नशे की मंडी बन जाएगा। मणिपुर से आए मैतेई समुदाय के महेश्वर थोननजम ने बताया कि पूरे देश के जिला केंद्रों पर मैतेई समुदाय के लोग जाकर मणिपुर के मैतेई समुदाय और मणिपुर को बचाने के लिए देश से समर्थन जुटाया जा रहा है क्योंकि मणिपुर पिछले 4 महीनों से हिंसा से जूझ रहा जिससे मैतेई समुदाय के लोगो का रहना मुश्किल हो गया है जबकि मैतेई समुदाय मणिपुर का मूल निवासी हैं।

## विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के 21 साल पुराने मामले में मांगा स्टेटस रिपोर्ट

पटना। बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने आज 21 साल पुराने भ्रष्टाचार के एक मामले में अंतिम रिपोर्ट नहीं दाखिल होने पर मुकदमे की स्टेटस रिपोर्ट मांगी । निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने निगरानी के पुलिस अधीक्षक से मुकदमा संख्या 6/ 2002 में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। अदालत ने 21 वर्षों तक मुकदमे का अनुसंधान लंबित रहने पर भी चिंता प्रकट की है। अदालत ने आदेश की प्रति महानिदेशक निगरानी को भेजे जाने का आदेश दिया है। मामला निगरानी थाना कांड संख्या 6/2002 के रूप में दर्ज हुआ था।

# उत्तराखंड से लापता हुईं 3854 महिलाएं व 1134 बालिकाएं

देहरादून। उत्तराखंड में लम्बे समय से महिलाओं के लापता होने की घटनाओं के मध्य, सनसनीखेज खुलासा हुआ है। राज्य के जाने माने सूचना का अधिकार कार्यकर्ता (आरटीआई एक्टिविस्ट) काशीपुर निवासी नदीम उद्दीन को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी सूचना से प्रकाश में आया है कि जनवरी, 2021 से मई, 2023 के मध्य मात्र 29 माह में 3854 महिलायें तथा 1134 बालिका लापता हो गई।

लापता महिलाओं और बालिकाओं की गुमशुदगी पुलिस विभाग में पंजीकृत हुई। दीगर बात यह है कि पुलिस और स्थानीय जनता की सक्रियता से इनमें से 2961 महिला तथा 1042 बालिकायें बरामद भी हो चुकी हैं।

पुलिस मुख्यालय से एक्टिविस्ट को उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार, राज्य के 13 जिलों तथा रेलवे सुरक्षा पुलिस (जी.आर.पी.) के अंतर्गत, जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल





3854 महिलायें गुमशुदा दर्ज की गई है। इनमें 2021 में 1494, वर्ष 2022 में 1632 तथा वर्ष 2023 में मई तक 728 महिलायें शामिल हैं। इसी अवधि में कुल 1132 बालिकायें गुमशुदा दर्ज हुई है। जिसमें 2021 में 404 वर्ष 2022 में 425 तथा 2023 में मई तक 305 बालिकायें शामिल है।

नदीम को उपलब्ध कराई गई गुमशुदा महिलाओं की बरामदगी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 2961 महिलायें बरामद हुई है।

इसमें 2021 में 1271, वर्ष 2022 में 1281 तथा 2023 में मई तक 409 महिलायें शामिल है। जबकि इसी अवधि में कुल 1042 गुमशुदा बालिकायें बरामद हुई हैं जिसमें 2021 में 393, वर्ष 2022 में 403 तथा 2023 में मई तक 246 बालिकाएं शामिल है।

गुमशुदा महिलाओं के जिलावार विवरण के अनुसार, नैनीताल जिले में 2021 में 168, वर्ष 2022 में 165 तथा 2023 में मई तक 53 महिलायें गायब हुई हैं। उधमसिंह नगर जिले में क्रमशः 343, 415, 183, पिथौरागढ़ जिले में 14, 18, 7, अल्मोड़ा जिले में 25, 44, 23, टिहरी जिले में 59, 49, 35, बागेश्वर जिले में 34, 26, 12, पौड़ी जिले में 43, 58, 19, उत्तरकाशी जिले में 34, 23, 15, देहरादून जिले में वर्ष 2021 में 364, वर्ष 2022 में 430 तथा 2023 में मई तक 163 महिलायें, हरिद्वार जिले में क्रमशः 339, 314 तथा 169, चमोली में 31, 26 तथा 14, चम्पावत जिले में 23, 48 तथा 25, रूद्रप्रयाग जिले में 14, 15 तथा 10 तथा रेलवे क्षेत्र (जी.आर.पी. अन्तर्गत) में वर्ष 2021 में तीन, 2022 में एक तथा 2023 में मई तक शून्य गुमशुदा महिला दर्ज हुई है।

## सिरसा में साइक्लोथॉन यात्रा के मद्देनजर धारा 144 लागू

सिरसा। आउटरीच कार्यक्रम 'हरियाणा उदय' के तहत राज्यव्यापी ड्रग फ्री हरियाणा 'साइक्लोथॉन' यात्रा के सुचारू संचालन के मद्देनजर आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सिरसा में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सिरसा आएंगे। वह बार एसोसिएशन व जनता भवन में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शहीद भगत सिंह स्टेडियम से 17 सितंबर को प्रातः 6.15 बजे 'साइक्लोथॉन' यात्रा को हरी झंडी दिखाकर दूसरे गंतव्य के लिए रवाना करने के बाद चौधरी देवीलाल विवि में सफाई मजदूरों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिलाधीश पार्थ गुप्ता द्वारा जारी आदेशों के अनुसार साइक्लोथॉन के दौरान असामाजिक लोगों द्वारा गैरकानूनी सभा या विरोध प्रदर्शन की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सार्वजनिक सुविधाओं को अवरुद्ध होने व यातायात जाम आदि से आमजन को परेशानी से बचने के लिए धारा 144 लागू की गई है।

# केरल में निपाह वायरस के एक और मामले की पुष्टि



**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में एक 39 वर्षीय युवक के निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक युवक पिछले तीन दिनों से एक निजी अस्पताल में चिकित्सा निगरानी में है। इसके साथ ही कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, इनमें से चार संक्रमितों को जिले के दो अलग-अलग अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाइयों में भर्ती कराया गया है, जिसमें एक नौ वर्षीय लड़के की हालत गंभीर बतायी गई है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे भेजे गए 30 नमूनों की जांच के नतीजों की प्रतीक्षा है। जिले में निपाह वायरस के हालिया प्रकोप से 30 अगस्त और 11 सितंबर को दो लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार के अनुरोध के बाद भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने निपाह वायरस से निपटने के लिए ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दवाएं आयात की हैं। इस दवा को वायरस से संक्रमित व्यक्तियों को दिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएमआर ने नमूनों का परीक्षण करने और संक्रमण का पता लगाने के लिए कोझिकोड में एनआईवी पुणे की मदद से एक मोबाइल बीएसएल-3 (जैव सुरक्षा स्तर -3) प्रयोगशाला भी स्थापित की है। इस बीच स्थिति का जायजा लेने और वायरस से निपटने में राज्य सरकार की सहायता के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के विशेषज्ञों का पांच सदस्यीय केंद्रीय दल कोझिकोड में तैनात किया गया है। वहीं राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र तिरुवनंतपुरम इकाई ने निषिद्ध क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बड़े पैमाने पर परीक्षण करने के लिए एक मोबाइल इकाई भी स्थापित की है।

# अजय सिंह ने देहरादून के नए एसएसपी का पदभार संभाला



**देहरादून।** उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी)के रूप में शुक्रवार को वर्ष 2014 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अजय सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया।

सिंह ने पदभार ग्रहण के बाद संवाददाताओं को अपनी पांच प्रमुख प्राथमिकताएं गिनाई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन 'ड्रग फ्री देवभूमि 2025' को साकार करना तथा पीडित केन्द्रित पुलिसिंग पर फोकस उनकी प्रमुख प्रार्थमिकता रहेगी। सिंह ने कहा कि ड्रग फ्री देवभूमि 2025 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठाये जायेंगे।

नशे की तस्करी में लिप्त आदतन अपराधियो की हिस्ट्रीशीट खोली जायेगी।

साथ ही, उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनकी सम्पत्तियो को अटैच करते हुए कुर्की की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। ताकि, ऐसे अपराधियों के मध्य एक कडा सन्देश पहुंचाया जा सके।

एसएसपी ने कहा कि नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में आम जन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन प्रत्येक शनिवार को आम जन के मध्य नशे के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पुलिस की चौपाल आयोजित की जायेगी।

## हरियाणा में 15 से 30 सितम्बर तक अमृत कलश यात्रा : कौशल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा है कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 15 से 30 सितम्बर तक अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसके तहत राज्य के सभी गांवों से मिट्टी एकत्र कर खंड, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर ले जाई जाएगी। कौशल यहां आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह में मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे जिसमें सभी जिला उपायुक्तों, पार्षदों, और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि अमृत कलश यात्रा के दौरान सभी गांवों, नगर परिषदों एवं नगर निगमों के सभी वार्डों से मिट्टी यात्रा चार चरणों में शुरू की जाएगी। पहले चरण में सभी गांवों, दूसरे चरण में सभी खंडों, तीसरे चरण में राज्य स्तर तथा चतुर्थ चरण में राष्ट्रीय स्तर पर मिट्टी ले जाई जाएगी।

# सूर्य मिशन : आदित्य-एल1 की कक्षा बढ़ाने की चौथी प्रक्रिया सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल1 मिशन का पृथ्वी-संबंधित चौथी प्रक्रिया (मैन्यूवर) सफलतापूर्वक पूरी की।

आज सुबह 0200 बजे इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में कक्षा बढ़ाने का काम किया गया।

इसरो ने सोशल मीडिया नेटवर्क - एक्स' पोस्ट किया, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल1, ने गुरुवार/शुक्रवार के शुरुआती घंटों में अपना चौथा पृथ्वी-संबंधित मैन्यूवर सफलतापूर्वक पूरी कर लिया। इसमें कहा गया, चौथा पृथ्वी-से जुड़ा मैन्यूवर (ईबीएनम्4) सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक्स पर लिखा,





मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-शार और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न संचालन का समर्थन करेगा।

हासिल की गई नई कक्षा 256 किमी × 121973 किमी है। अगला मैन्यूवर, ट्रांस-लैग्रेजियन प्वाइंट 1 इंसर्शन (टीएल1आई), जो पृथ्वी से प्रस्थान का प्रतीक है, 19 सितंबर को लगभग 2 बजे के लिए निर्धारित है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल 1, ने गुरुवार के शुरुआती घंटों में अपना चौथा पृथ्वी-आधारित प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।

# उत्तराखंड में अनियंत्रित वाहन नदी में गिरा, तीन की मौत, तीन घायल

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार अपराह्न एक अनियंत्रित वाहन नदी में गिर गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये।

राहत दल (रेस्क्यू टीम) लगातार राहत कार्य में जुटे हैं। जिलाधिकारी खुद आपदा नियंत्रण केन्द्र से रेस्क्यू पर नजर बनाए हुए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डीएस पटवाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 108 पर आर्य विहार आश्रम के पास एक वाहन नदी में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ हैं। सूचना मिलते ही राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंच गए हैं। वाहन में



कुल छह लोग बताए गए हैं। सभी स्थानीय निवासी हैं।

पतवाल ने बताया कि वाहन संख्या यूके-10टीए-0941 ओमिनी है जिसमें वाहन चालक सहित छह लोगों के सवार होने की सूचना है। इनमें तीन की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि तीन घायलों एवं एक शव को जिला अस्पताल में पहुँचाया जा रहा है। दो शवों को निकाला जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी स्वय आपात कालीन परिचालन केंद्र में उपस्थित होकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

## हवाई अड्डे पर छह अजगर, एक काली गिलहरी की गई जब्त

चेन्नई। सीमा शुल्क वायु खुफिया इकाई (एआईयू) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बैंकॉक से आए एक यात्री से विभिन्न आकार के छह बॉल अजगर और एक काली गिलहरी जब्त की। हवाई अड्डे के सूत्रों ने कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर, बैंकॉक से आए एक पुरुष भारतीय यात्री को एआईयू अधिकारियों ने रोक लिया। उसके चेक-इन किए गए सामान की जांच करने पर, 16 संख्या में बॉल पाइथॉन (विभिन्न रूप) और एक संख्या में काली गिलहरी छिपी हुई पाई गईं और उन्हें बरामद कर लिया गया और उन्हें सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जब्त कर लिया गया। सूत्रों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

# कांग्रेस, भाजपा ओडिशा विस अध्यक्ष चुनाव का करेंगे बहिष्कार

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा में विपक्षी दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 21 सितंबर को होने वाले राज्य विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है।


कांग्रेस और भाजपा दोनों ने 21 सितंबर को अध्यक्ष के चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला इसलिए किया, क्योंकि उस दिन पश्चिमी ओडिशा का प्रमुख त्योहार 'नुआखाई' मनाया जाता है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता नरसिंह मिश्रा ने 'नुआखाई' उत्सव पर चुनाव कराने के सरकार के फैसले का विरोध करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी विधायक विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव से दूर रहेंगे।

भाजपा विधायक नौरी नायक ने पत्रकारों को बताया कि अध्यक्ष के चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय भाजपा विधायक दल के नेता जय नारायण मिश्रा और पार्टी अध्यक्ष मनमोहन सामल ने लिया, क्योंकि राज्य सरकार ने चुनाव की तारीख स्थगित करने से इनकार कर दिया था।

ओडिशा विधानसभा का मानसून सत्र 22 सितंबर से शुरू होगा और राज्य सरकार 21 सितंबर को अध्यक्ष का चुनाव कराना चाहती है। अध्यक्ष का पद पिछले साल 12 मई से खाली है, जब तत्कालीन अध्यक्ष विक्रम केशरी आरुख ने पद से इस्तीफा दे दिया था और बाद में उन्हें मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया। वर्तमान में उपाध्यक्ष रजनी कांता सिंह विधानसभा की कार्यवाहक अध्यक्ष हैं।

# कृत्रिम मेधा सहित नए पाठ्यक्रम होंगे शुरू : सुक्खू



शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की दिशा में काम कर रही है। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध ढंग से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण स्तर पर बच्चे भविष्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास से कर सकें। सुक्खू ने कहा कि वह स्वयं भी सरकारी स्कूल से पढ़े हैं और आत्मविश्वास व मजबूत इच्छाशक्ति से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इससे पहले सुक्खू ने शुक्रवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह-2023 की अध्यक्षता की और 12वीं और 10वीं के 260 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा घर से शुरू होती है और माता-पिता ही हमारे प्रथम गुरू होते हैं जो हमें हर तरह से शिक्षित और प्रशिक्षित करने के साथ ही अच्छे संस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ा परिश्रम आवश्यक है तथा व्यक्ति की सोच ही उसके भविष्य को तय करती है। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), डाटा साईंस, रोबोटिक इंजीनियरिंग जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि बच्चों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए इस वर्ष नवंबर तक 6000 अध्यापकों की भर्ती भी की जाएगी।

## महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती की ली शपथ

**शिमला।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महिला कांग्रेस का झंडा फहराया गया। उन्होंने इस दौरान राष्ट्र गीत के साथ संगठन की मजबूती की शपथ भी ली। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने संगठन से जुड़ी सभी महिलाओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने महिला कांग्रेस की स्थापना कर पार्टी में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी ने महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका जो मान सम्मान बढ़ाया उसके लिए महिला कांग्रेस सदैव उनकी ऋणी रहेंगी।

# औद्योगिक फोकल प्वाइंटों , औद्योगिक ज़ोनों का किया जाएगा कायाकल्प : मान

एजेंसी

लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को और प्रोत्साहित करने के लिए आने वाले दिनों में औद्योगिक फोकल प्वाइंटों और औद्योगिक ज़ोनों की कायाकल्प करने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री ने यहाँ 'सरकार-उद्योगपति मिलनी' में एकत्र हुए उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि फोकल प्वाइंट और औद्योगिक ज़ोन की हालत बहुत बुरी है, जिससे उद्योगों के विकास में रुकावट पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इन फोकल प्वाइंटों और औद्योगिक ज़ोनों के व्यापक विकास से यह समस्या जल्द ही दूर हो जायेगी। उन्होने कहा कि इस नेक कार्य के लिए विस्तृत रूप-रेखा तैयार की



गई है, जिससे उद्योगपतियों को सुविधा देने के साथ-साथ फोकल फोकल प्वाइंटों का चेहरा बदला जा सके।

मुख्यमंत्री ने लेबर कॉलोनियों में रह रहे लोगों को बिजली मीटर और अन्य बुनियादी सुविधाएं देने का एलान किया।

उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में कामगार वर्ग और अन्य लोग रहते हैं , जिनको यह मीटर और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे वह अपना जीवन आरामदायक ढंग से व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाएं हरेक व्यक्ति का हक है और राज्य सरकार इसको सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसी भी इमारत के निर्माण के लिए इच्छुक उद्योगपतियों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी उद्योगपति ने बेसमेंट के लिए खुदाई करनी है तो उसके लिए इनवेस्ट पंजाब के पोर्टल पर अप्लाई करना होगा। उन्होंने कहा कि इस खुदाई के लिए 72 घंटों में मंजूरी दी जायेगी और यदि इस समय में मंजूरी नहीं मिलती तो इसको स्वीकृत ही समझा जायेगा। मुख्यमंत्री ने एलान किया कि रिहायशी इलाकों से शिफ्ट होने के लिए लुधियाना की उद्योग को तीन वर्षों की मोहलत दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में ऐसे इलाकों की स्थिति के बारे में फ़ैसला लेने के लिए समिति का गठन करेगी।

नई दिल्ली
शनिवार 16 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### रिमझिम बारिश से दिल्ली में मौसम सुहावना

नयी दिल्ली। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से चल रही ठंडी हवाओं और उसके बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश ने गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत दी है। पिछले दो दिनों से लोग बेमौसम गर्मी की गिरफ्त में थे।आज सुबह मौसम ने मिजाज बदला और राष्ट्रीय राजधानी तथा आसपास के क्षेत्रों में अंधेरा छा गया। कुछ ही पल बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई है। रिमझिम बारिश का आलम ऐसा रहा कि लोग अपनी दिनचर्या छाते और रेनकोट पहनकर करते नजर आये। मौसम विभाग ने आज पूरे दिन बादल छाये रहने और बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग ने कहा है कि अगामी कुछ दिनों तक बादल छाये रहेंगे और बूंदाबांदी के कारण तापमान में बहुत अधिक वृद्धि होने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने आज अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है।

### सीआरपीएफ के जवान को कैब चालक ने लूटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट इलाके में सीआरपीएफ के जवान को कैब चालक ने लूट लिया। वह हल्द्वानी, उत्तराखंड से कैब से दिल्ली आ रहा था। किराया देने के दौरान चालक ने उसका पर्स छीन लिया और फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कैब चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित उमेश चंद (31) सपरिवार नानकपुरा इलाके में रहता है। वह सीआरपीएफ में बतौर सिपाही कार्यरत है। उसकी तैनाती सीजीओ कॉम्प्लेक्स में है। पुलिस को दी शिकायत में उमेश चंद ने बताया कि 10 सितंबर की रात वह हल्द्वानी से एक कैब से दिल्ली आ रहा था। सीजीओ कॉम्प्लेक्स तक का किराया 700 रुपये में तय हुआ था। कार में एक महिला और एक अन्य चालक मौजूद था। महिला चालक के साथ आगे की सीट पर बैठी थी, जबकि दूसरा चालक उमेश के साथ पिछली सीट पर बैठा था। रात एक बजे कैब दिल्ली कैंट इलाके में पहुंची। चालक ने सीजीओ कॉम्प्लेक्स जाने से मना कर दिया। इसी बात पर कहासुनी हुई।

### एसटीएफ ने दबोचा 50 हजार का इनामी

**गाजियाबाद/नोएडा।** नोएडा एसटीएफ ने घुमंतू जनजाति पारदी गिरोह के सक्रिय बदमाश विक्रम को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। विक्रम उत्तराखंड के सात मुकदमों में वांटेड चल रहा था। एसटीएफ ने आरोपी को हरिद्वार जिले में थाना कनखल पुलिस के हवाले कर दिया है। एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया, विक्रम मूल रूप से झांसी का रहने वाला है और फिलहाल आगरा के एत्मादौला थाना क्षेत्र में रह रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी में नोएडा में सीआरपीएफ कैंप के पास से हुई है। पूछताछ में विक्रम ने बताया, मेरे भाई मुकेश और शंकर शुरू से चोरी की घटनाएं करते रहे हैं। मेरे भाइयों के पास मध्यप्रदेश का पारदी गैंग आता है। हम सभी उस गैंग के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में नकबजनी-चोरी की घटनाएं करने लगे। आरोपी विक्रम ने बताया, हमारा गैंग रात में मकानों की ग्रिल काटकर अंदर घुसता है और फैमिली के जाग जाने पर उन्हें घायल भी कर देता है। इस गैंग ने साल-2002 में हरिद्वार, देहरादून व रानीपुर क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं की थी। हरिद्वार की एक घटना में जब ये गैंग घर में घुसकर चोरी कर रहा था, तभी पुलिस पहुंच गई।

### पति ने पत्नी-बच्चे को गला दबाकर नहर में फेंका

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने एक तीन वर्ष के मासूम बच्चे की हत्या और महिला की हत्या का प्रयास करने वाले वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। महिला के पति के द्वारा ही अपने दोस्त के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया गया था। पति महिला के तानों से दुखी आ चुका था। इसीलिए उसने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पति सहित उसके दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरसअल 6 सितम्बर को सरिता नाम की महिला ने दादरी थाने पर शिकायत देते हुए बताया कि उसका पति आशीष 3 सितंबर को शाम करीब 7: 00 बजे उसको कमरा दिखाने के बहाने कोट गांव ले गया। उसके बाद मुझे और मेरे 3 वर्ष के बेटे को योजना बनाकर गला दबाकर बेहोश कर दिया और फिर नहर में डाल दिया। वह मुझे मरा हुआ समझकर वहां से भाग गए। मुझे तैरना आता था, इसलिए मैं बच गई। मैंने अपने बेटे को काफी ढूंढा लेकिन वह नहीं मिला। इस दौरान महिला ने अपने पति आशीष तिवारी, अपने ससुर, चचिया ससुर और अपने पति के एक दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### ठगी करने वाले गिरोह का हुआ खुलासा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस ने धोखाधड़ी से एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 28 एटीएम कार्ड व 20,500 रूपये बरामद हुए है। इस गिरोह के सरगना सहित दो लोग फरार चल रहे है। जिनकी तलाश की जा रही है। दरसअल 25 अगस्त को बिसरख पुलिस को किशनलाल नाम के युवक ने सूचना दी कि तिगड़ी के एक्सिंस बैंक के एटीएम मशीन में जब वह पैसे निकालने के लिए गए, तो उनका एटीएम कार्ड मशीन के अंदर ही फंस गया। इसके बाद उन्होंने देखा कि वहां पर एक नंबर लिखा हुआ था। उस नंबर पर पीड़ित ने कॉल कर दी। जिस पर उधर से बताया गया कि अपना पिन डाल दो और कार्ड निकल आएगा। पीड़ित ने अपना पिन नंबर भी डाल दिया। लेकिन कार्ड नहीं निकला। काफी देर तक पीड़ित एटीएम बूथ में ही खड़ा रहा। लेकिन उसका कार्ड नहीं निकला। काफी देर होने के बाद उसने दोबारा से कॉल किया, तो उधर से बताया गया कि अपना कार्ड सुबह ले जाना। मैं रात में आऊंगा। उसने खुद को एटीएम बूथ का गार्ड बताया। इसके बाद पीड़ित वहां से चला गया। उसके बाद पीड़ित को अपने फोन पर 10000 निकालने का मैसेज आया।

# तलाकशुदा बेटी का मृत पिता की संपत्ति पर अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि मृत पिता की संपत्ति पर सिर्फ अविवाहिता, विधवा बेटी का ही हिस्सा है। तलाकशुदा बेटी का उसकी संपत्ति पर कोई हक नहीं हो सकता, क्योंकि वह भरण-पोषण की हकदार आश्रित नहीं है। हाईकोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ एक तलाकशुदा महिला की ओर से पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया। पारिवारिक अदालत ने मां और भाई से भरण-पोषण के महिला के दावे को दरकिनार कर दिया था।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा, हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण-पोषण अधिनियम की धारा 21 उन आश्रितों के लिए प्रावधान करता है जो भरण-पोषण का दावा कर सकते हैं।




याचिकाकर्ता के पिता की मृत्यु 1999 में हुई थी। उनके चार आश्रित थे, पत्नी, बेटा और दो बेटियां। महिला का दावा था उसे कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में कोई हिस्सा नहीं दिया गया था। उसने दलील दी कि उसकी मां और भाई उसे इस आश्वासन पर गुजारा भत्ता के रूप में प्रति माह 45,000 देने पर सहमत हुए कि वह संपत्ति में अपने हिस्से के लिए दबाव नहीं डालेगी। उसे सिर्फ नवंबर, 2014 तक नियमित रूप से भरण-पोषण दिया गया, उसके बाद नहीं। महिला के पति ने उसे छोड़ दिया और सितंबर 2001 में उसे तलाक दे दिया गया। दावा किया कि अदालत ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि उसे पति से कोई पैसा, गुजारा भत्ता नहीं मिला।

दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा, चाहे कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न हो, एचएएमए के तहत वह अधिनियम में परिभाषित 'आश्रित' नहीं है और इस प्रकार वह अपनी मां और भाई से भरण-पोषण का दावा करने की हकदार नहीं है। अदालत ने सही कहा कि महिला को पहले ही पिता की संपत्ति से हिस्सा मिल चुका था और उसे प्राप्त करने के बाद वह फिर से भाई और मां से भरण-पोषण का कोई दावा नहीं कर सकती थी। अदालत ने कहा कि मां ने पहले ही अपीलकर्ता को आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर ली है।

## निगम लावारिस कुत्तों की समस्या पर करे तत्काल कार्रवाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने निगम से लावारिस कुत्तों की समस्या पर तत्काल उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। जिससे संबंधित प्राधिकारी द्वारा तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस आदेश की एक प्रति उचित कार्रवाई के लिए एमसीडी आयुक्त को भेजी जाए। अदालत ने सारिका पटेल नाम की एक महिला के खिलाफ 2014 में दर्ज दो एफआईआर को रद्द करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके पालतू जानवर ने दो अलग-अलग मौकों पर एक व्यक्ति और उसके पिता को काट लिया था। पिछले साल मई में दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण समझौते पर पहुंचे।

# दो रिटायर्ड फौजियों की सरेआम गोलियां मार कर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना उपमंडल के लाठ गांव के अड्डा क्षेत्र में मोटरसाईकल और गाड़ियों में सवार 10-12 अज्ञात बदमाशों ने शुक्रवार सुबह दो पूर्व फौजियों की अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने दोनों पर करीब 25 से 30 राउंड गोलियां चलाईं जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतकों की शिनाख्त राज और रमेश के रूप में की गई है। दोनों शुक्रवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर सोनीपत के लिए निकले थे , लेकिन गांव से बाहर गोहाना-सोनीपत रोड पर अड्डे के निकट पहुंचे ही थे कि मोटरसाईकल और गाड़ियों में सवार अज्ञात युवकों ने उन्हें घेर लिया और इन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग होने पर क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई और लोग घरों और दुकानों में दुबक गए। राज और रमेश ने भागने का प्रयास किया लेकिन वे इसमें सफल नहीं हुये। गम्भीर रूप से घायल होने पर इनकी मौके पर ही मौत हो गई। राज और रमेश रिश्ते में चाचा-भतीजा थे तथा गांव में लगभग पांच माह पहले हुए सूरज हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों के पिता हैं। वहीं हमलावर पिस्तौल लहराते हुये मौके से फरार हो गये।

लाठ गांव में गत 22 अप्रैल को सूरज नाम के युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। राज और रमेश की हत्या को इसी का बदला माना जा रहा है। पुलिस ने सूरज हत्याकांड में गांव के ही विक्की और विजय उर्फ भठरा को गिरफ्तार किया है। दोनों फिलहाल जेल में है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के पूरे क्षेत्र को घेर कर नाकाबंदी कर दी। बदमाशों की खोजबीन की जा रही है।

# डूसू में चुनाव : एनएसयूआई ने जारी की नामों की लिस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया यानी एनएसयूआई ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। एनएसयूआई ने चारों पदों के लिए नामों की लिस्ट जारी की है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव के पदों पर नामों का ऐलान किया है। इस बार एनएसयूआई ने डूसू चुनाव में अध्यक्ष पद पर हितेश गुलिया, उपाध्यक्ष पद पर अभि दहिया, सचिव पद पर यक्ष्ना शर्मा और संयुक्त सचिव पद पर शुभम चौधरी को उतारा है।

डूसू चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बृहस्पतिवार को समाप्त हो गई। इस साल डूसू के दंगल के चारों पदों के लिए कुल 97 नामांकन दाखिल हुए। इनमें अध्यक्ष पद के लिए 28, उपाध्यक्ष पद के लिए 24 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया है। जबकि सचिव पद के लिए 24 और सहसचिव पद के लिए सबसे कम 21 नामांकन दाखिल हुए हैं। खास बात यह है कि कुल नामांकन में से 70 फीसदी उम्मीदवारों ने चारों पदों के लिए नामांकन किया है।

नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवार शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापस लिए जाने के बाद शाम को उम्मीदवारों की अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी। मालूम हो कि कोरोना महामारी के कारण डीयू में छात्र संघ चुनाव तीन साल बाद हो रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन करने का आखिरी दिन था।

# पर्वतारोही लक्ष्मी झा को अवसर ट्रस्ट ने किया सम्मानित

नई दिल्ली। अवसर ट्रस्ट की ओर से आज प्रेस क्लब में पर्वतारोही लक्ष्मी झा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 18 अगस्त को तुर्की की सबसे ऊंची माउंट अरारत चोटी (5,137 मीटर) को फतह करके वहां तिरंगा लहराने के लिए दिया गया। 12 अगस्त 2023 को अवसर ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व सांसद श्री आर. के. सिन्हा से फ्लैग ऑफ लेकर तुर्की के सबसे ऊंची चोटी (16854 फिट) अरारत पर अपने देश के तिरंगा को फराने के लिए दिल्ली से इस्तांमबुल से दोगुबेयाजित सिटी पहुंची थीं।

वहां पहुंचते ही लक्ष्मी को पता चला की अरारत चोटी पर मौसम खराब बर्फबारी तेज तूफान हो रहे हैं। इसलिए 15 अगस्त समिट करने का प्लान कैंसिल करना पड़ा लेकिन 18 अगस्त को मौसम साफ़ होने पर लक्ष्मी ने फतह हासिल कर लिया।




अवसर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्री आर. के. सिन्हा ने कहा कि पर्वतारोहन एक साहसिक खेल है। लेकिन इसके लिए बाकी खेलों की तरह कोई खास प्रोत्साहन नहीं मिलता। बिहार की बेटी लक्ष्मी ने भीषण विपत्ति के बावजूद अपने सपने को पूरा किया है।

इससे पहले उन्होंने विश्व की चौथी और अफ्रीका की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला किलिमंजारो (5895 मीटर) पर भी भारतीय ध्वज फहराया है। विश्व की सबसे कठिन चढ़ाई में एक चढ़ाई किलिमअंजारो पर्वत को भी माना गया है। इसकी ऊंचाई 58.95मीटर है जबकि एवरेस्ट की ऊंचाई 88.48 मीटर है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।


उन्होंने बताया कि मेरी ओर से अवसर ट्रस्ट ने पहले भी माउन्ट एवेरेस्ट फतह करके लौटी हरियाणा की पर्वतारोही अनीता कुंडू के कई पर्वतारोहन के अभियान को भरपूर सहयोग दिया है। पर्वतारोही अनीता कुंडू के मार्गदर्शन ने लक्ष्मी की काफी मदद की। मैं हमेशा पर्वतारोहन के लिए लड़कियों को प्रोत्साहित करता रहता हूँ और आगे भी करता रहूँगा।

पर्वतारोही लक्ष्मी ने अपनी यात्रा के बारे में बताया कि तुर्की के सबसे ऊंची चोटी (5,137 मीटर) अरारत पर्वत पर अपने देश के तिरंगा लहराकर बहुत गर्व हो रहा है। लेकिन यह बहुत मुश्किल भरा लक्ष्य था। उन्हें यह उपलब्धि 41 घंटे में चढ़ाई करके पूरी की। उन्होंने बताया कि चढ़ाई के दौरान -15 डिग्री का टेंपरेचर था जो हड्डी को गला सकता है ऐसे में अपने पथ पर डटे रहना और मंजिल पूरा करने में काफी मुश्किलें आई। 15 अगस्त को मौसम ख़राब था। 18 को पता चला मौसम सही है, फिर लक्ष्मी झा ने 18 को ही निकल पड़ी समिट के लिए 6 घंटे चढ़ाई करने के बाद पहले पहले बेस कैंप पहुंची। जिसकी ऊंचाई 3000 मीटर है। अगले दिन 3 घंटे की चढ़ाई करके बेस कैंप 4200 मीटर की ऊंचाई पर पहुँच कर इस मिशन को कम से कम टाइम में पूरी करनी थी। लेकिन अगर हौसला हो तो कोई भी मुश्किल से पार पाया जा सकता है।

# वैश्विक स्तर पर सोचें लेकिन स्थानीय स्तर पर कार्य करें : श्री के.एन. गोविंदाचार्य

एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा में प्रकृति केंद्रित विकास को लेकर एक राष्ट्रिय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । यह संगोष्ठी भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा में निहित पर्यावरण विषय पर केंद्रित था। इस संगोष्ठी में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित पर्यावरण विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं विश्वविद्यालय के शिक्षणगण समेत हजारों की संख्यां में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे ।

इस नेशनल सेमिनार में श्री के.एन. गोविंदाचार्य, डॉ. ओ.पी. पांडे, श्री जीवकांत झा, डॉ. धर्मेंद्र दुबे आदि जैसे महान पर्यावरणविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह सेमिनार स्वस्थ जीवन के उद्देश्य से पर्यावरण की रक्षा के लिए चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो संजय. के. झा, निदेशक (लिबरल आर्ट्स) ने सम्मानित गणमान्य अतिथियों का




स्वागत किया और पर्यावरण सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में भारतीय ज्ञान प्रणाली के क्रियान्वयन पर जोर दिया । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.बी. शर्मा ने सभा को संबोधित किया और भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं पर्यावरण को लेकर लोगों में एक नई चेतना का संचार किया। पर्यावरण कार्यकर्ता, श्री जीव कांत झा ने जल एवं नदियों के महत्व एवं उनके संरक्षण पर लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया । डॉ. ओ. पी. पांडे ने मन और पृथ्वी के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकात्मता पर चर्चा की। उन्होंने पर्यावरण में बदलाव लाने के लिए सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक तथ्यों पर भी बल दिया। सेमिनार के मुख्य अतिथि भारतीय राजनीति के महान पुरोधा श्री. के.एन. गोविंदाचार्य जी ने दर्शकों को पर्यावरण चेतना और प्रकृति के प्रति समाज के दायित्व से अवगत कराया। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को एकजुट होकर वैश्विक स्तर पर सोचना चाहिए और स्थानीय स्तर पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि जल, जमीन और जंगल के साथ जन का समन्वय होना आवश्यक है तभी हम पर्यावरण का संरक्षण कर पाएंगे।

## अवैध रूप से ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर के आरपीएफ दादरी ने रेलवे के ई-टिकटों की कालाबाजारी कर रेलवे को लाखों रुपये का चूना लगाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी अपनी पर्सनल आईडी से टिकट बनाकर उनको आम लोगों को दो-गुने दामों पर बेचा करता था। इसके कब्जे से हजारों रुपये के टिकट भी बरामद किए गए है। दादरी आरपीएफ को सूचना मिली कि सुरजपुर में एक रेलवे के ई-टिकटों की कालाबजारी कर रहा है। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक थाना आरपीएफ दादरी एसके वर्मा ने अपनी टीम के साथ सुरजपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर में स्टार कम्युनिकेशन पर छापेमारी करते हुए। उसके संचालक बबलू कुमार को गिरफ्तार किया है। इस दौरान उसके कब्जे से 36 रेलवे के ई-टिकट बरामद किए है। इनकी कीमत करीब 60 हजार रुपये है। यह करीब दो वर्षों से रेलवे को इस तरह से कार्य करके चुना लगा रहा था।

## हाऊस टैक्स की पांचवी वैल्यूएशन कमेटी भंग करें सरकार : पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश ने पंच प्रमुखों की बैठक में दिल्ली नगर निगम की पांचवीं वैल्यूएशन कमेटी पर गांवों के हाउस टैक्स निर्णय लेने पर आपत्ति जताई है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का कहना कि इस कमेटी में एक भी अधिकारी दिल्ली मूल व दिल्ली देहात का नहीं है नाहि कोई सदस्य। इसलिए गांवों की मजबूरी को समझना इनके लिए जरूरी नहीं रहा है।इस कमेटी के निर्णय से पहले 461 आपत्तियाँ दर्ज की गई है।जिसमें गांवों की भागीदारी ना के बराबर है। जिन RWA ने गांवों को लेकर टिप्पणी की है उनका गांवों से कोई लेना-देना नहीं है । इसके विपरीत जिस RWA ने DDA व नगर निगम से मिलकर आवासीय को व्यवसायिक श्रेणी में मकानों को कर रखा है।इस पर गांवों की कोई आपत्ति नहीं रही ।लेकिन अब गांवों की भी सरकार से मांग है कि जिस कृषि भूमि को आवासीय कालोनी के लिए अधिग्रहण किया था ।वहां किसी को भी व्यवसायिक श्रेणी में नहीं करें। ओर जो रोड व्यवसायिक श्रेणी में हैं। उन्हे तुरंत आवासीय श्रेणी में करें ।पंचायत पंच प्रमुख शिव कुमार यादव का कहना है कि इस कमेटी ने गांवों को ज्यादातर तीन श्रेणी में डाला है इसमें F,G,H कैटिगरी हैं। F,G,कैटिगरी शहरी क्षेत्र के हिसाब से है। इस कैटिगरी के गांवों में सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है।इन गांवों में बारातघर, पार्किंग, पार्क, नाली, सडकें तक नहीं है।इसके उपरांत भी दिल्ली के गांवों से हाउस टैक्स की वसूली हो रही है। पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने माननीय उप राज्यपाल दिल्ली व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग की कि इस कमेटी की सिफारिशों व कमेटी को भंग कर पुन: नई कमेटी का गठन किया जाए। जिसमें गांवों की पंचायतों व दिल्ली देहात के सभी पार्टियों के नेताओं को शामिल कर गांवों पर हाउस टैक्स पर कोई निर्णय लिया जाए।ओर जब तक दिल्ली नगर निगम द्वारा गांवों में हाऊस टैक्स के नोटिस व सीलिंग की कार्रवाई पर रोक लगा दी जाए।



# चंद्रयान तीन और जी 20 में बेहतर कार्य करने वाले इंजीनियर्स को किया सम्मानित

## इंजीनियर्स डे के कार्यक्रम में इसरो के दो वैज्ञानिकों को भी किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। महान इंजीनियर और भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को समर्पित इंजीनियर डे दिल्ली इंजीनियर्स एसोसिएशन ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय के केदारनाथ साहनी सभागार में मनाया। इस अवसर पर चंद्रयान तीन के सफल प्रेक्षपण में भूमिका अदा करने वाले दो वैज्ञानिकों श्री सामराव और श्निरी कौशलेन्द्र कुमार कौशल को बेस्ट इंजीनियर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दोनों वैज्ञानिक इंजीनियर भी है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में दिल्ली विकास प्राधिकरण, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, पीडब्ल्यूडी, डीएसआइडीसी समेत विभिन्न विभागों के 39 इंजीनियरों को सम्मानित किया गया। इन इंजीनियरों ने जी 20 शिखर सम्मेलन में दिन रात कर दिल्ली को संवारा।



इन इंजीनियरों नौ मुख्य अभियंता, 11 अधीक्षण अभियंता, 11 अधिशासी अभियंता, तीन सहायक अभियंता, दो कनिष्ठ अभियंता शामिल थे। इन 39 इंजीनियरों में दो महिला इंजीनियर भी शामलि हैं।

इसके अतिरिक्त एनडीएमसी के उद्यान विभाग के निदेशक रईस अली को भी लुटियंस दिल्ली को हराभरा करने और सड़कों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निजी कंपनियों में कार्यरत गूगल, लेमन ट्री होटल और टीसीजी कंपनी के इंजनियों को देश की तरक्की के महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के प्रदे अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और महामंत्री हर्ष मल्होत्रा भी उपस्थित रहे। जहां सचदेवा ने सम्मानित इंजीनियरों को बधाई दी। साथ ही महान इंजीनियर और भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को याद किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने पहली बार भाजपा में इंजीनियर्स सेल का गठन किया। भाजपा देश की पहली पार्टी है। जिसने इंजीनियरो को महत्व देने के लिए इंजीनियर सेल का गठन करके इंजीनियरी को सम्मानित किया।

# दृढ़ इच्छाशक्ति सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी : अभयानंद ( पूर्व डीजीपी बिहार )

जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान ( जीआईएमएस) ग्रेटर नोएडा में सामरिक टॉक सीरीज का आयोजन किया गया ॥

आज के इस सामरिक टॉक सीरीज के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व डीजीपी आईपीएस श्री अभयानंद जी उपस्थित हुए।

संस्था द्वारा आयोजित इस तरह के सामरिक टॉक सीरीज का मुख्य उद्देश्य संस्था में अध्यनरत विद्यार्थियों एवम प्रशासन में कार्यरत रह चुके महान हस्तियों के बीच साक्षात्कार एवं संवाद स्थापित करना और साथ ही साथ उनके कार्य अवधि के दौरान किस तरीके की कठिनाइयों,चुनौतियों एवं परिस्थितियों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया ,ऐसी परिस्थितियों को समझना है।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ राजेश कुमार गुप्ता जी एवं वाइस चेयरमैन श्री गौरव गुप्ता जी ने आए हुए मुख्य अतिथि जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था के चेयरमैन ने डीजीपी महोदय द्वारा किए गए अनेक सामाजिक एवं राष्ट्र हित में कार्यों को







विस्तार से साझा किया जो अत्यंत ही प्रेरणादायक थी॥ संस्थान के सीईओ श्री स्वदेश कुमार सिंह जी ने मुख्य अतिथि जी का अंगवस्त्र प्रदान करते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया एवम साथ ही साथ मुख्य अतिथि को धन्यवाद भी प्रेषित किया कि अपने अति व्यस्ततम दिनचर्या में से संस्थान एवं संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जो उन्होंने अपने बहुमूल्य समय का योगदान दिया है उस की प्रतिपूर्ति किसी भी कार्य के द्वारा नहीं की जा सकती है॥ धन्यवाद प्रेषित करते हुए उन्होंने भविष्य में भी छात्रों के मार्गदर्शन हेतु श्री अभयानंद सर से अनुरोध किया कि वह एक समय अंतराल पर संस्थान में उपस्थित होकर अपने आशीर्वचन प्रदान कर, भारत के भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

संस्थान के निदेशक डॉ भूपेंद्र कुमार जी ने अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि द्वारा उनके प्रशासनिक सेवा के दौरान जिन जिन परिस्थितियों को सामंजस्य एक प्रशासनिक अधिकारी को बना के रखना पड़ता है, इस पर अपने विचार रखें और इस बात को प्रबल तरीके से छात्रों के समक्ष स्थापित करने का पूर्ण प्रयास किया कि किसी भी कार्य को अगर सुनियोजित तरीके से क्रियान्वित किया जाए तो वह हमेशा सफलता की ओर अग्रसर होता है॥ मुख्य अतिथि श्री अभयानंद जी आईपीएस एवं पूर्व डीजीपी बिहार पुलिस ने अपने विचारों को रखते हुए छात्रों के समक्ष प्रबंधन क्या है और प्रबंधन करना क्यों जरूरी है पर विचार रखते हुए अपने उद्घोषण की शुरुआत की ।

उसके पश्चात चुनौतियों को संभावनाओं में परिवर्तित करने की कला को सर्वप्रथम साझा किया ॥ अपने विचारों को व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि ने प्रारंभिक जीवन काल से अपने जीवन परिचय एवं शिक्षा के दौरान, तत्पश्चात प्रशासनिक सेवा में अपने द्वारा किए गए अनेकों प्रयासों एवं विभिन्न परिस्थितियों को सकारात्मक तरीके से निष्पादन करने एवम कठिन से कठिन निर्णायक परिस्थितियां एवं व्यक्तित्व को सही तरीके से व्यवस्था पूर्वक स्थापित करने की विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस तरीके से सेवा कार्य के दौरान विभिन्न परिस्थितियों एवं ऐसे अनेकों समय जिनमें निर्णय लेना, सहयोग की उपेक्षा रखना एवं नेतृत्व करने की क्षमता को अगर सही तरीके से सृजन किया जाए तो वो जीवन निर्माण में सहायक होगा ॥ उन्होंने छात्रों से सफल व्यक्तित्व के निर्माण हेतु अपना सर्वस्व प्रदान करने के लिए एवं उसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्थापित करने के लिए एक दृढ़ इच्छाशक्ति का होना परम आवश्यक है के विचार को विद्यार्थियों के बीच रखा।

## संपादकीय

# बंधक दस्तावेज

आरबीआई ने इसकी समय-सीमा तय करते हुए कहा है कि कर्ज की पूरी राशि जमा करने वालों को बंधक रखे गए मकान या अन्य चल-अचल संपत्ति के मूल दस्तावेज तीस दिन के भीतर लौटाने होंगे।

अब लोगों को अपने मकान-दुकान या कार-कारोबार के लिए लिया गया कर्ज चुकाने के बाद उसके मूल दस्तावेज वापस पाने के लिए वित्तीय संस्थानों के ज्यादा चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ ने इसकी समय-सीमा तय करते हुए कहा है कि कर्ज की पूरी राशि जमा करने वालों को बंधक रखे गए मकान या अन्य चल-अचल संपत्ति के मूल दस्तावेज तीस दिन के भीतर लौटाने होंगे।

आरबीआइ ने यह भी कहा है कि वित्तीय संस्थान कोई शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। उसके आदेश का अनुपालन न करने की स्थिति में संबंधित वित्तीय संस्थान पर प्रति दिन पांच हजार रुपए का हर्जाना लगेगा। हां, किन्हीं तकनीकी कारणों से देरी होती है, तो संबंधित वित्तीय संस्थान को कुछ छूट दी जाएगी, लेकिन इस बारे में उसे अपने ग्राहक को बाकायदा इसकी सूचना देनी होगी। दरअसल, केंद्रीय बैंक को यह सख्त कदम इसलिए उठाना पड़ा, क्योंकि सरकारी और निजी वाणिज्यिक बैंक हों या गैर-बैंकिंग कंपनियां, सहकारी और ग्रामीण बैंक या हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां, सभी कर्ज चुकता हो जाने के बाद भी अपने ग्राहक के दस्तावेज समय पर लौटाने में आनाकानी करती हैं। इस देरी के चलते जहां ग्राहक को मानसिक पीड़ा होती है, वहीं कभी-कभी विवाद अदालत तक पहुंच कर मुकदमेबाजी में फंस जाता है। आरबीआइ भी इस बात से भलीभांति वाकिफ है कि वित्तीय संस्थान दस्तावेजों को जारी करने में अलग-अलग रुख अख्तियार करते हैं। इससे अनावश्यक रूप से कानूनी विवाद बढ़ते हैं।

आरबीआइ का साफ कहना है कि उचित व्यवहार संहिता का पालन सभी वित्तीय संस्थानों को करना होगा। इसमें ग्राहक और बैंक दोनों को शिष्टाचार युक्त व्यवहार पाने का अधिकार है, लेकिन हकीकत में ऐसा होता नहीं दिखता। अधिकांश मामलों में कर्जदार बैंकों या वित्तीय संस्थानों के चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन उनके मूल दस्तावेज नहीं लौटाए जाते।

एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2021-2022 में ही दिल्ली, मुंबई, कानपुर, चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में कर्ज चुकाने के बाद मूल दस्तावेज नहीं लौटाने या इस प्रक्रिया में देरी से संबंधित करीब डेढ़ लाख शिकायतें आरबीआइ तक पहुंचीं। दिल्ली और मुंबई में ऐसी शिकायतों की संख्या सबसे अधिक है। पूरी जमा पूंजी लगाकर घर को अपना कहने का सपना तब तक अधूरा ही रहता है, जब तक उससे संबंधित मूल दस्तावेज मालिक के कब्जे में न आ जाएं। पहले कर्ज चुकाने की सिरदर्दी और फिर कागजात वापस पाने के लिए जद्दोजहद, यह किसी के लिए भी बहुत मुश्किल भरा होता है।

इसी बात को समझते हुए आरबीआइ ने सभी बैंकों और अपने दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के लिए जारी अधिसूचना में कहा है कि कर्जदारों को उनकी प्राथमिकता के अनुसार मूल चल-अचल संपत्ति दस्तावेजों को या तो उस बैंक शाखा से एकत्र करने का विकल्प दिया जाएगा, जहां ऋण खाता संचालित किया गया था या संबंधित इकाई के किसी अन्य कार्यालय से, जहां दस्तावेज उपलब्ध हैं।

दस्तावेजों की वापसी की समयसीमा और स्थान के बारे में कर्ज मंजूरी पत्रों में उल्लेख किया जाएगा। आरबीआइ ने यह भी कहा कि दस्तावेजों के नुकसान या उसके गुम होने की स्थिति में संबंधित वित्तीय संस्थान को अपने कर्जदार के ऐसे दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां दुबारा हासिल करने में मदद करनी होगी। केंद्रीय बैंक के इस कदम से वित्तीय संस्थानों की मनमानी पर तभी अंकुश लगेगा, जब वे इन नियमों को गंभीरता से लेंगी या लापरवाही बरतने की स्थिति में केंद्रीय बैंक उनके साथ सख्ती से पेश आएगा।

# आतंकवाद पर नकेल के दावों की एक बार फिर खुल गई कलई

जम्मू-कश्मीर में कर्फ्यू हटते ही जिस तरह फिर से आतंकवादी सक्रिय हो गए और उन्होंने अपनी रणनीति बदल-बदल कर सेना और पुलिस पर हमले करने शुरू किए, उससे यही साबित हुआ कि घाटी में आतंक का सिलसिला रोकना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर नकेल के दावों की कलई एक बार फिर खुल गई है। कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहाड़ी इलाके में जिस तरह आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक शहीद हो गए, उससे वहां आतंकवादियों की सक्रियता और उनके हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस घटना की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' यानी टीआरएफ ने ली है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने सेना के जवानों पर घात लगा कर हमला करने वाले भी ये ही आतंकी थे, जिसमें तीन जवान मारे गए थे। अनंतनाग की घटना के साथ ही रजौरी में भी सेना और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया।

हालांकि घाटी में दहशतगर्दों के मारे जाने की घटनाएं भी आए दिन होती हैं, सेना का सघन तलाशी अभियान लगातार चलता है, घुसपैठ पर पैनी नजर रखने का दावा किया जाता है, फिर भी अगर सीमा पार से आकर आतंकी घाटी में अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं, तो इस मामले में नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत फिर से रेखांकित होती है।

घाटी में दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद करने के इरादे से पिछले करीब नौ वर्षों से सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, उसमें आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण-प्रश्रय देने वालों के ठिकानों की पहचान की जाती रही है। दहशतगर्दी को वित्तपोषण करने वालों पर नकेल कसने के दावे किए जाते रहे हैं। सीमापार से घुसपैठ रोकने की हर कोशिश की जाती है।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद लंबे समय तक वहां संचार माध्यम ठप रहे, लोग घरों में बंद रहे, भारी संख्या में सेना तैनात की गई थी। इस तरह कहा जा रहा था कि वहां आतंकवाद की कमर टूट गई है। मगर कर्फ्यू हटते ही जिस तरह फिर से आतंकवादी सक्रिय हो गए और उन्होंने अपनी रणनीति बदल-बदल कर सेना और पुलिस पर हमले करने शुरू किए, उससे यही साबित हुआ कि घाटी में आतंक का सिलसिला रोकना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी चुनौती है।

सबसे चिंताजनक बात यह कि अब फिर से आतंकी संगठन घाटी के युवाओं को हथियार उठाने को तैयार करने में कामयाब हो रहे हैं। वित्तपोषण और हथियारों की आपूर्ति पर रोक लगाने के सारे उपाय कमजोर नजर आने लगे हैं। अब हमलों में वहां जिस तरह के हथियार और गोला-बारूद इस्तेमाल हो रहे हैं, उससे साफ है कि दहशतगर्द सुरक्षाबलों की तमाम नाकेबंदियों को धता बताने में कामयाब हैं।

जिस तरह थोड़े-थोड़े दिनों पर इस तरह के आतंकी हमले होने लगे हैं और उसमें सुरक्षाबलों के लोग मारे जा रहे हैं, उसमें यह सवाल गाढ़ा होता गया है कि आखिर यह सिलसिला कब रुकेगा। छिपी बात नहीं है कि घाटी में आतंक की जड़ें पाकिस्तान से सींची जा रही हैं। मगर इस वक्त सबसे चिंता की बात स्थानीय लोगों की भूमिका को लेकर है।

घाटी में दहशतगर्दी खत्म करने का तरीका यही माना गया था कि स्थानीय लोगों को आतंकियों के खिलाफ खड़ा करना होगा। जब दहशतगर्दों को स्थानीय संरक्षण मिलना बंद हो जाएगा, तो उनकी जड़ें अपने आप सूख जाएंगी। मगर इस रणनीति पर काम आगे नहीं बढ़ पाया। व्यवस्था पर स्थानीय लोगों केभरोसे को और मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

# पाकिस्तान की कमर तोड़ने से ही आतंकवाद निस्तेज होगा



- ललित गर्ग-

जी-20 की शानदार एवं ऐतिहासिक सफलता से बौखलाये पाकिस्तान ने एक औछी, अमानवीय एवं अराजक घटना को अंजाम देते हुए अनंतनाग में आतंकवादी घटना में हमारी सेना के दो बड़े अधिकारी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक के प्राण ले लिये है, यह घटना पडोसी धर्म पर एक बदनुमा दाग ही नहीं, बल्कि हिंसा एवं उन्माद की चरम पराकाष्ठा है। आज पाकिस्तान जिस आर्थिक दुर्दशा एवं बदहाली का शिकार है, उसमें ऐसी अराजक घटनाओं को प्रश्रय देना उसके लिये घोर अंधेरा का सबब ही बनेगा। शायद पाकिस्तान अब भी यह नहीं समझ पाया है कि पड़ोसियों से अच्छे संबंध कितने जरूरी है, इन्हें सुदृढ़ बनाकर ही विश्व राजनीति में अपनी राजनीतिक और आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। भारत की दुनिया में बढ़ती साख एवं उसकी मजबूत होती आर्थिक स्थितियों में कोई भी समझदार देश उससे दुश्मनी की नहीं सोच सकता। दुनिया के सभी देश, भले ही वे महाशक्तियां ही क्यों न हो, भारत के साथ रहने में ही अपना भला देख रही है, फिर पाकिस्तान क्यों नादानी पर उतरा है। पाकिस्तान की जनता भी यह बात भली भांति समझ रही लेकिन उसके नीति निर्धारकों एवं शासकों को यह बात समझ नहीं आ रही। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कुछ और कठोर उपाय करने होंगे।

निश्चित ही अनंतनाग में आतंकियों से लड़ते हुए सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं बट का बलिदान देश के लिए एक बड़ी एवं अपूरणीय क्षति है। ये तीनों ही अफसर अपनी दिलेरी के लिए जाने जाते थे और उन्होंने अतीत में कई आतंकवाद विरोधी अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित किया। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए और आतंकियों का चुन-चुनकर सफाया करने के साथ ही पाकिस्तान को नए सिरे से सबक सिखाया जाना चाहिए, क्योंकि जिस आतंकी गुट के आतंकियों के घात लगाकर किए गए हमले में हमारे बहादुर अफसर वीरगति को प्राप्त हुए, वह भले ही स्वयं को स्थानीय बताता हो, लेकिन उसे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन लश्कर का हर तरह का सहयोग एवं समर्थन हासिल है। अवश्य ही भारत अपने इन वीर बलिदानियों का बदला अवश्य लेगा और इस बार ऐसा बदला लिया जायेगा कि पाकिस्तान भविष्य में ऐसी गलती करने से पहले लाख बार सोचेंगी। भारत अगर ठान ले तो पाकिस्तान की कमर तोड़ सकता है एवं आतंकवाद पर काबू पा सकता है, जिस तरह मोदी सरकार ने अब तक पाया है।

एक ऐसे समय जब कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें लेता दिख रहा है, वहां जनजीवन शांति एवं अमन को महसूस कर रही है, विकास की गंगा वहां प्रवहमान हो रही है, जी-20 का आयोजन भी वहां शांति एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, तब अनंतनाग की घटना सतर्क एवं सावधान करने वाली है। जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद आतंकी घटनाओं को जिस तरह काबू में लाया गया है, उसने क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों के पैर उखाड़ दिए हैं। इसी बौखलाहट की यह घटना निष्पत्ति है जो यही बता रही है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी किसी भी तरह कश्मीर को अशांत रखने के लिए हाथ-पांव मार रहे हैं। इसी कारण वे उन नये इलाकों में सक्रिय हो रहे हैं, जो लंबे समय से उनकी गतिविधियों से मुक्त थे। वे दक्षिण कश्मीर के साथ जम्मू संभाग में भी अपनी गतिविधियां बढ़ा रहे हैं। इसका पता इससे चलता है कि इस वर्ष अभी तक राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में लगभग 26 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकी सीमा पार से घुसपैठ के लिए भी नए रास्ते चुन रहे हैं। स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर के साथ पंजाब से लगती पाकिस्तान सीमा पर और चौकसी बढ़ाने की आवश्यकता है, आतंकमुक्ति के अभियान को और अधिक सशक्त किये जाने एवं सख्ती बरतने की अपेक्षा है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के दबे-छिपे समर्थकों के खिलाफ अभियान भी और तेज किया जाना चाहिए। इस पर भी फिर से ध्यान देना होगा कि आतंकियों के सफाए के किसी अभियान में सुरक्षा बलों को क्षति न उठानी पड़े। नि:संदेह ऐसे अभियान जोखिम भरे होते हैं, लेकिन इस पर और सावधानी बरतनी होगी कि अपने वीर जवानों को खतरों से कैसे बचाया जाए? अतीत में आतंक विरोधी कुछ अभियान ऐसे रहे हैं, जिनमें आतंकियों का शीघ्र सफाया करने के प्रयत्न में हमारे जवानों को क्षति उठानी पड़ी।




हमें आतंकियों का खात्मा भी करना है और अपने जवानों की जीवन-सुरक्षा भी करनी है, ऐसा करते हुए हमें ऐसा सुरक्षा चक्र बनाना चाहिए, जिससे वे भविष्य में इस तरह का दुस्साहस न कर सकें। खुफिया रिपोर्ट से मिल रही जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी सेना की बेचैनी को गंभीरता से समझना होगा। आतंकियों के घटते मनोबल को वापस लाने के लिए पाकिस्तानी सेना लगातार बड़े षड्यंत्र एवं हमले करने का दबाव बना रही है और इसके लिए आतंकियों को विशेष कमांडो ग्रुप समेत हर तरह से मदद दे रही है। पाकिस्तानी सेना ने चीन से प्राप्त हथियार और अन्य सैन्य साधन भी आतंकियों को उपलब्ध कराए हैं, जिनमें नाइट विजन कैमरा भी शामिल हैं। इन साधनों की मदद से ही उन्हें रात के अंधेरे में भी हमला करने और भागने में सहूलियत हुई और हमारे जवानों को शहीद होना पड़ा।

भारत सर्वे भवन्तु सुखिन: में भरोसा करने वाले देश हैं, इसी भारतभूमि से वसुधैव कुटुम्बकम का उद्घोष हुआ, जिसने हाल ही में जी-20 के भारतीय अध्यक्षता के दौरान समूची दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित करने का वातावरण बनाया है। भले ही भारत शांति, सह-जीवन एवं अहिंसा में विश्वास करता है, लेकिन उस पर आघात करने वालों की जब अति हो जाती है तो वह हथियार उठाकर, भीतर घूस कर वार करना एवं बदला लेना भी जानता है। जब कश्मीर में समग्र विकास की धारा चल पड़ी है, तब जो तत्व अमन-चैन एवं विकास को चुनौती दे रहे हैं, उन्हें तो करारा जबाव देना ही चाहिए। यह कश्मीर में बचे हुए शैतानीए उन्मादी एवं आतंकवादी तत्वों के साथ शून्य सहिष्णुता दिखाने का समय है। उन्हें कश्मीर में किसी भी स्थान पर अड्डा बनाने या छिपने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। आतंकियों ने बहुत साजिश के साथ इस मुठभेड़ को अंजाम दिया है। आमतौर पर सेना की अगर किसी इलाके में सक्रियता बढ़ती है, तो आतंकी इस इलाके को छोड़ देते हैं, लेकिन अगर आतंकियों ने मुठभेड़ की जुर्रत की है, तो इसके पीछे की पूरी साजिश का गंभीर आकलन जरूरी है। तमाम संभावनाओं और आशंकाओं को खंगालना चाहिए। आने वाले चुनाव को देखते हुए आतंकवादी अभी अधिक सक्रिय होकर देश में अराजकता एवं अशांति फैलाना चाहेंगे। कश्मीर में चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। ऐसे में, आतंकियों और उनके नापाक आकाओं को जरूर परेशानी हो रही होगी। पड़ोसी देश से आतंकियों को इशारा किया गया होगा कि कुछ ऐसा करो कि जी-20 के समय में पूरी तरह नदारद कश्मीर का मुद्दा वापस चर्चा में आ जाए। आशंका यह भी जताई जा रही है कि ताजा मुठभेड़ में दुस्साहस दिखाने वाले आतंकी विदेशी हैं, अगर ऐसा है, तो प्रमाण के साथ दुश्मनों को चेतावनी देनी चाहिए। यह एक बड़ा सत्य है कि जैसे शांति-प्रेम खुद नहीं चलते, चलाना पड़ता है, ठीक उसी तरह आतंकवाद भी दूसरों के पैरों से चलता है, जिस दिन उससे पैर ले लिये जायेंगे, वह पंगु हो जायेगा।

आतंकी हमलों से पाकिस्तान का फायदा हो या न हो, लेकिन उसके हमदर्दी चीन इसमें अपना फायदा जरूर देखेगा। ऐसी स्थितियों में भारतीय सेना के लिए हिंसा का जबाव हिंसा ही हो सकता है, सीधा युद्ध ही एकमात्र रास्ता है। सीधे वार से ही आतंकी नेटवर्क की कमर टूटेगी। अब समय आ गया है, जब कश्मीर में बचे हुए आतंकवाद के अंत के लिए सेना और पुलिस बल अपनी कमियों-कमजोरियों पर पूरी तरह से लगाम लगाते हुए अपने सर्वश्रेष्ठ संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें।

# भीड़ का न्याय सामाजिक शांति को खतरा

देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुत: एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10त्न लोगों के पास देश की 58त्न संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70त्न भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है।

## एक शख्स की तलाश में था

वफा की खातिर एक शख्स की तलाश में था वो,
मुझे देख हमेशा बगले झांकता था वो,

चंद टुकड़ों के लिए बना बड़ा शातिर,
अपने को हमेशा संत दिखाता था वो,

खुद की शक्ल में दूसरा आदमी था वो,
अपने को मासूम सदैव दिखाता था वो,

पल में माशा पल में तोला ऐसा क्यो,
बड़ी मछली बन छोटी को निगलता था वो,

खुद की बेटी बेटी है दूसरों की पराई नार,
पितामह बन दूसरों की बेटियों पर बुरी नजर रखता था वो,

आदमी ऊपर से दिखता तो शरीफ था
शराफत का चोंगा पहनकर घूमता था वो।
इंसानियत का बड़ा दुश्मन दिखाई देता था,
आम लोगों को भी बहुत देर से समझ आता था वो।

ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती,
ईश्वर के हाथों ही बुरी गति को प्राप्त होता था वो,



संजीव ठाकुर
रायपुर

# भारतीय मेज़बानी में किसान अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी - 59 देश शामिल



किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी 12-15 सितंबर 2023 शुरू

59 से अधिक भागीदार देश खाद्य और कृषि पादप अनुवांशिक संसाधनों पर अंतरराष्ट्रीय संधि के अनुच्छेद 9 में शामिल किसानों के अधिकारों पर विचार विमर्श सराहनीय कार्य - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि भारत आदि अनादि काल से ही कृषि व गांव प्रधान देश रहा है। भारत की एक बड़ी जनसंख्या कृषि परआधारित है, जो हमने अपने बचपन में ही प्राथमिक शिक्षा स्तरपर पढ़ें हैं, इस क्षेत्र की समस्याओं के बारे में पढ़ें हैं। स्वतंत्रता के पश्चात् कई सरकारें, समाधान, वित्त पोषण सहित सुधारो की लंबी फेरेस्त श्रृंखला हमें देखने को मिली है। कृषि क्षेत्र का पौराणिक,पारंपरिक स्तर से वर्तमान डिजिटल आधुनिकता में भी परिवर्तन कर कृषि संबंधी करीब हर अस्त्र आज प्रौद्योगिकी विज्ञान से लैस कर दिया गया है, परंतु फिर भी कृषकों की समस्याएं कम नहीं हुई है। पिछले कुछ महीनें पूर्व हमने देखे किस तरह पूरे देश में कृषक आंदोलन का माहौल था, जिसमें कुछ राज्यों का बहुत जोर था वह एमएसपी की मांग पर अड़े थे, परंतु हमारे मराठी की कहावत, तू चाल में येतो, के रूप में स्थगित हो गया। कुछ आंकड़ों को छोड़ दें तो अधिकतम कृषकों की स्थिति जो की त्यों बनी हुई है। हालांकि जब से डायरेक्ट बेनिफिट्ट्रांसफर की सुविधा से करोड़ों किसानों के खातों में डायरेक्ट सहायता राशि पहुंच रही है और पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है परंतु इसे बहुत आगे ले जाकर किसानों के लिए ऐसे अवसर ओपन करने की ज़रूरत है ताकि युवाओं को भी इस क्षेत्र में आकर्षित किया जा सके, क्योंकि कृषि क्षेत्र मानवीय जीवन की प्राथमिकताओं आवश्यकताओं से जुड़ा है,जिनके सहयोग से मानवीय खाद्य पदार्थ की उपलब्धि होती है इसलिए अब पूरी दुनिया का कृषि क्षेत्र पर ध्यान देना लाजमी भी है और पूरी दुनियां के कृषि समुदाय को एकीकृत होने की श्रृंखला को रेखांकित करना ज़रूरी है जिससे वैश्विक स्तरपर कृषक हितों, समस्याओं, सुधारो अधिकारों का संज्ञान लेकर परामर्श दिशानिर्देश वह उच्च स्तर पर सहयोग बनाया जा सके। इसलिए भारत की मेजबानी में 12-15 सितंबर 2023 को कृषक अधिकारों पर वैश्विक संकोष्टि शुरू है इसे इटली के रोम स्थित खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि (अंतर्राष्ट्रीय संधि) के सचिवालय द्वारा आयोजित, वैश्विक संगोष्ठी की मेजबानी कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा की जा रही है। इस संगोष्ठी के आयोजन में पौधा किस्म संरक्षण और किसान अधिकार (पीपीवीएफआर) प्राधिकरण, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) और आईसीएआर राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीपीजीआर) का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

साथियों बात अगर हम संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में माननीया राष्ट्रपति महोदय के संबोधन की करें तो, अपने चार पुष्ठिय संबोधन में उन्होंने कहा कि कृषिअनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास ने भारत को 1950-51 के बाद से खाद्यान्न बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ाने में योगदान दिया है, इससे राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि-जैव विविधता संरक्षकों और परिश्रमी किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं के प्रयासों ने सरकार के समर्थन से देश में कई कृषि क्रांतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विरासत ज्ञान के प्रभावी संरक्षक और संवर्द्धक के रूप में कार्य कर सकते हैं। आगे कहा कि भारत विविधता से भरपूर एक विशाल देश है, जिसका क्षेत्रफल विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत है। विश्व के पौधों की विभिन्न किस्मों और जानवरों की सभी दर्ज प्रजातियों का 7 से 8 प्रतिशत भारत में मौजूद है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के क्षेत्र में भारत पौधों और प्रजातियों की विस्तृत श्रृंखला से संपन्न देशों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की यह समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए अनुपम निधि रही है। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों ने कड़े परिश्रम और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है, जंगली पौधों को अपनेअनुरूप बनाया है और पारंपरिक किस्मों का पोषण किया है, इससे फसल प्रजनन कार्यक्रमों को आधार मिला है और इससे मनुष्यों और पशुओं के लिए भोजन और पोषण की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा है कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। इसलिए उनके अधिकार की रक्षा और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने की हमारी जिम्मेदारी है। नई दिल्ली में आज किसानों के अधिकार पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा करके हम विश्व के भविष्य की रक्षा करते हैं और इसे अधिक उज्ज्वल तथा समृद्ध बनाते हैं। देश की विविधता को लेकर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत में पादपों की 45 हजार से अधिक किस्में और विभिन्न तरह के मसाले हैं। इनका संरक्षण करके हम न केवल मानवता की रक्षा करेंगे बल्कि समूचे विश्व की भी रक्षा करेंगे। इस कार्यक्रम में विश्व के 59 देशों के विख्यात वैज्ञानिक, किसान और विशेषज्ञ इस कार्यक्रम में भागीदारी कर रहे हैं।वे खाद्य और कृषि पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि के अनुच्छेद नौ में प्रतिष्ठापित किसानों के अधिकारों से संबंधित मुख्य मुद्दों पर विचार विमर्श कर रहे हैं।

भारत पौधों की किस्मों और किसानों केअधिकारों के संरक्षण अधिनियम 2001 के जरिये पादप विविधता पंजीकरण के संदर्भ में किसानों के अधिकार को इसमें शामिल करने वाला विश्व का पहला देश है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने भी उद्घाटन समारोह में भागीदारी की।

साथियों बात अगर हम पौधों की विविधता और किसानों के अधिकारों के संरक्षण अधिनियम 2001 की करें तो, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (एमओएएफडब्ल्यू) और पौधों की विविधता और किसानों के अधिकार संरक्षण (पीपीवीएफआर) प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई है। मीडिया को जानकारी देते हुए, पीपीवीएफआर प्राधिकरण के अध्यक्ष ने बताया कि भारत अपने पौधों की विविधता और किसानों के अधिकारों के संरक्षण (पीपीवीएफआर) अधिनियम, 2001 के माध्यम से पौधों की विविधता पंजीकरण के संदर्भ में किसानों के अधिकारों को शामिल करने वाला दुनिया का पहला देश है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के 59 देशों से प्रख्यात वैज्ञानिक भाग लेंगे और सत्र के दौरान इस बात पर विचार-विमर्श करेंगे कि दुनियां के सभी क्षेत्रों के स्थानीय और स्वदेशी समुदायों और किसानों द्वारा पौधों केआनुवंशिक संरक्षण और विकास में किए गए भारी योगदान को कैसे पहचाना और पुरस्कृत किया जाए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनियां भर में खाद्य प्रणालियाँ बीजों पर निर्भर हैं। फसलों और रोपण सामग्री की नई किस्में कृषि उत्पादन, आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि कुपोषण, जलवायु परिवर्तन से बढ़ी उत्पादकता जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए पादप आनुवंशिक संसाधन महत्वपूर्ण हैं।

## शार्ट न्यूज

### बालिका इंटर कालेज में बालिकाओ को दिया गया कराटे का प्रशिक्षण

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के बालिका इंटर कालेज गोपीगंज में मिशन शक्ति के तहत चल रहे तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बालिकाओं को खुद के बचाव के लिए सरकार विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें जागरूक कर रही है। वहीं मानव एकेडमी आफ मार्शल आर्ट के जिला को ऑर्डिनेटर डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ पी शुक्ल, डीआईओ एस बीकायल भारती, चौकी प्रभारी मनोज राय के समक्ष कराटे ट्रेनर आदर्श शुक्ल के सानिध्य में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियन आदित्य दुबे व सृष्टि दुबे ने बालिकाओ को अपने बचाव के लिए कराटे का प्रदर्शन कर इसके गुर सिखाये। इस दौरान छात्राओ ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियो का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डीआईओएस बीकायल भारती व डीएम सिंह गहरवार ने कहा कि युवतियां कराटे का गुर सीखकर अपनी आत्मरक्षा स्वयं कर सकेगी।

### कापी राइट एक्ट : नकली सामान बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ एफआईआर

भदोही। प्रतिष्ठित कंपनी के नाम पर नकली सामान बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ शुक्रवार को भदोही की पुलिस ने कापी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच अधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि शहर के स्टेशन रोड स्थित चौरी बाजार निवासी दुकानदार रवि चौरसिया द्वारा कंपनी के नाम से फेविक्विक, टाटा-टी, टाइड और मैक्स रेजर बेचा जा रहा था। ग्राहकों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस के सहयोग से दुकान पर छापेमारी की गई, तो कई सामान नकली पाए गए। दुकान में मिले 1310 पीस फेविक्विक, 650 पैकेट टाटा प्रीमियम टी, 610 पैकेट टाइड पाउडर और 620 पीस मैक्स रेजर बरामद कर जब्त कर लिया गया। जांच के दौरान खुद को फंसता देख दुकानदार फरार हो गया। जांच अधिकारी मनीष गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनीष गुप्ता ने स्वयं को मेसर्स टाटा कंज्यूमर, मेसर्स पिद्दीलाइट इंडस्ट्री और मेसर्स प्रोक्टर गैंबल्स कंपनी का जांच अधिकारी बताया। उनका कहना है कि जनपद में कई दुकानदारों द्वारा प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम से नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

### बस्ती में दो लुटेरे गिरफ्तार

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कोतवाली थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दो लुटेरों को गिरफ्तार करके उनजे कब्जे से लूट का माल बरामद किया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के रौता चौराहे के समीप 11 सितम्बर को सुरेंद्र मोहन वर्मा की पत्नी नूतन वर्मा को अकेले घर पर पाकर दो लुटेरों रामदेव यादव उर्फ प्रिंस निवासी ग्राम महरीपुर थाना नगर, राजेश निवासी ग्राम करमा थाना पुरानी बस्ती ने लोहे की सरिया से हमला करके 60 हजार रुपया तथा गहने लूट ले गए थे। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी, पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की। घटना स्थल से लेकर अगल बगल के लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे खंगाले ले गये जिसके तहत दोनों लुटेरों को शुक्रवार को अमहट पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। दोनों लुटेरों के कब्जे से 09 सोने के आभूषण 12 हजार 200, पचास रूपया नगद, दो मोबाइल फोन तथा लोहे की सरिया बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के विरूद्व धारा 34,307,342,394,397,411,455 के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

### विद्युत तारों की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत

फ़िरोज़ाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना मटसैना क्षेत्र में शुक्रवार को करंट लगने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हरदासपुर निवासी गिरीश देवी (55) की मौत हो गयी है वह शुक्रवार को खेत पर जा रही थी। रास्ते मे गांव के ही एक खेत स्वामी ने आवारा पशुओं को न घुसने देने के लिए अपने खेत के चारों तरफ तार की बाढ़ लगा रखी है। लोगों का कहना है खेत स्वामी ने तारों में करंट लगा दिया है। वहां से निकलते समय गिरीश देवी तारों से छू गई। जिससे तीव्र करंट लगने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी। वहां से निकालने वालों ने वृद्ध महिला को पड़े देखा तो काफी लोग एकत्रित हो गए। उनके परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। पारिवारिक लोगों ने बताया कि जब तक वह लोग पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों तथा वहां मौजूद लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### गोण्डा : रिश्वत लेते अवर अभियंता गिरफ्तार

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के इटियाथोक थानाक्षेत्र के मेहनौन विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता को एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वादी सतराम यादव ने गत 28 जुलाई को अपने भाई तुलाराम यादव के नाम सिंचाई के संयंत्र के लिये दो किलो वाट का कनेक्शन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसका स्थलीय सत्यापन अवर अभियंता संतोष मंडल के द्वारा किया जाना था। कई बार फोन से व कार्यालय पर मिलकर सत्यापन करने का निवेदन किया गया इसके बावजूद भी उनके द्वारा आवेदन पत्र का सत्यापन कर उच्च अधिकारियों को अग्रसारित नहीं किया गया बल्कि सत्यापन के लिए दस हजार रुपए की मांग की गई। आज दोपहर में इटियाथोक कस्बा स्थित एक रेस्टोरेंट पर और अभियंता संतोष मंडल को विद्युत मोटर कनेक्शन के लिए वादी से दस हजार रुपए घूस लेते मौके पर मौजूद एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने आरोपित अवर अभियंता को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### गर्लफ्रेंड के परिजनों ने प्रेमी के पिता को पीटा

**मेरठ।** मेरठ में 9 सितंबर को युवक की नाले में सिर कटी लाश मिली थी। परिजन अपना बेटा समझकर अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। मगर, इससे पहले पता चला कि बेटा जिंदा है। लाश किसी दूसरे की है। गुरुवार को बेटे को गर्लफ्रेंड के साथ पुलिस चंडीगढ़ से बरामद कर गांव ले आई। इसके बाद दोनों को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। वहीं, बेटी के लापता होने पर परिजनों ने प्रेमी के पिता के पिटाई की थी। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि 8 से 10 लोग प्रेमी के पिता का घेरे है। एक युवक कॉलर पकड़ कर ले जा रहा है। दूसरा युवक ईंट से मारने की कोशिश करता है। हालांकि भीड़ युवक को पकड़ लेती है। वीडियो 11 सिंतबर का है। लेकिन गुरुवार देर शाम सामने आया है। वहीं, दूसरी तरफ अगर मोंटी और उसकी गर्लफ्रेंड नहीं मिलते तो मुजफ्फरनगर की तरह ऑनर किलिंग की घटना होती। हालांकि दोनों के बरामद होने से ऑनर किलिंग की घटना होने से बच गई।

### अवैध संबंध पर पीटा, पत्नी ने किया सुसाइड

झांसी। झांसी में रहने वाली एक महिला का पति रेप के केस में जेल में बंद था। इसी बीच महिला का दूसरे युवक से अफेयर हो गया। दोनों के बीच अवैध संबंध हो गए। दो साल बाद पति जेल से छूटा। इसके बाद एक दिन उसने पत्नी के मोबाइल में उस युवक के साथ हुई अश्लील बातचीत के चैट को पढ़ लिया। चैट पढ़ने के बाद पति बलवान खुद पर काबू नहीं रख सका। इसके बाद गुस्साए पति ने पहले अपनी पत्नी सीमा के कपड़े फाड़े और फिर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस बात से सीमा को गहरा सदमा लगा और उसने जहर खाकर जान दे दी। आज यानी शुक्रवार को सीमा के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। घटना समथर की गुरुवार की है। समथर के बुडेरा घाट के रहने वाले बलवान की पहली शादी 2012 में हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद ही उसका अपनी पत्नी से तलाक हो गया था। 20 जनवरी, 2020 को उसकी दूसरी शादी डबरा के पमाय गांव की रहने वाली सीमा से हो गई।

# रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना को योगी सरकार की पहल से मिलेगी रफ्तार

- एनसीआर में दिल्ली, गाजियाबाद व मेरठ के बीच रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को विकसित करने के लिए योगी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को जारी किया अनुदान
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुल 1306 करोड़ रुपए की लागत से इस योजना को दिया जा रहा है मूर्त रूप, 956 करोड़ रुपए की अवशेष धनराशि में से 350 करोड़ रुपए के आवंटन को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** दिल्ली की गाजियाबाद व मेरठ से कनेक्टिविटी को विस्तार देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के विकास को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी सार्थक कदम उठाया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुल 1306 करोड़ रुपए की लागत से इस योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली, गाजियाबाद व मेरठ के बीच रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना को विकसित करने के लिए योगी सरकार द्वारा 956 करोड़ रुपए की अवशेष धनराशि में से 350 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटन को स्वीकृति मिल गई है।

इस राज्यांश के जारी होने से परियोजना के अंतर्गत लंबित कार्यों को अब गति मिल सकेगी। विशेषतौर पर गाजियाबाद व मेरठ में परियोजना के अंतर्गत प्राविधानित कार्यों को अब नए सिरे से रफ्तार मिलेगी। योगी सरकार द्वारा इस संबंध में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक को धन आवंटन संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की मंशा प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों की दिल्ली से कनेक्टिविटी सुधारने की रही है और मौजूदा प्रयास को भी इसी संदर्भ में एक सार्थक पहल के तौर पर देखा जा रहा है।

#### उच्च गुणवत्ता का कार्य होगा सुनिश्चित

दिल्ली-मेरठ रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) एक सेमी हाई स्पीड रेल कोरिडोर है। इसका अभी निर्माण चल रहा है। यह कॉरिडोर दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ेगा। रैपिड एक्स प्रोजेक्ट के तहत प्लान किया गया यह तीन रैपिड रेल कॉरिडोर्स में से एक है। पूर्ण होने पर यह देश का अपनी तरह का पहला रैपिड ट्रांजिट प्रोजेक्ट होगा। फिलहाल, इस परियोजना के तहत फेज वन स्टेज का कार्य हो रहा है। 82.15 किमी लंबी इस परियोजना की 8 मार्च 2019 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा घोषणा की गई थी और माना जा रहा है कि वर्ष 2025 तक इसकी शुरूआत हो सकती है।
परियोजना को मूर्त रूप देने का दायित्व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को सौंपा गया है। उनके दिशा-निर्देशन में परियोजना के अंतर्गत विकसित की जा रही अवसंरचनाओं की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाएगा।

#### योगी सरकार भी करेगी मॉनिटरिंग

यह परियोजना भले ही भारत सरकार के दिशा-निर्देशन में एनसीआरटीसी द्वारा पूर्ण की जा रही है, मगर उत्तर प्रदेश सरकार भी परियोजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करती रहेगी। योगी सरकार द्वारा राज्यांश को जिन नियम व शर्तों के आधीन जारी किया गया है उसमें इस बात को भी उल्लेखित किया गया है। साथ ही, राज्यांश की स्वीकृत धनराशि को एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकता के अनुसार उपयोग में लाया जाएगा। परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही उल्लेखित कार्यों की शुरुआत की जाएगी।

# ऑक्सीजन बनाने वाली मशीन से मिली 90 पेटी शराब

### मुजफ्फरनगर में 2 बदमाश पकड़े गए




**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने शराब तस्करी करने वाले एक गिरोह का राजफाश किया है। तस्कर गिरोह के बदमाश ऑक्सीजन बनाने वाली मशीन के खोल में 90 पेटी अंग्रेजी शराब छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और शराब, मशीन, टाटा गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।
एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि नगर कोतवाल महावीर सिंह चौहान को सूचना मिली थी कि शराब तस्कर पंजाब से तस्करी की शराब टाटा-407 में रखकर बिहार ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर नगर कोतवाल ने संदेह के आधार पर काली नदी के पास एक टाटा गाड़ी को रोक लिया। इसमें आक्सीजन बनाने की मशीन रखी थी।

#### शटरनुमा प्लेट से छिपाई गई थी

टाटा गाड़ी में सवार दो लोगों ने पुलिस को मशीन का बिल भी दिखाया, जो सिलीगुड़ी जिला अस्पताल के नाम से था, लेकिन पुलिस को यकीन नहीं हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि मशीन के अंदर शराब है। पुलिस ने मशीन में तरफ बनी शटरनुमा लोहे की प्लेट को हटाकर उसके अंदर से 7 लख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब की 90 पेटी बरामद कर ली।

# बाराबंकी में सड़क किनारे कराया गया महिला का प्रसव

**बाराबंकी।** बाराबंकी में शुक्रवार को एक गर्भवती का सड़क के किनारे प्रसव कराया गया। प्रसव पीड़ा से कराहती महिला का प्रसव वहां गुजर रही महिलाओं ने साड़ी का पर्दा बनाकर करवाया। बताया जा रहा है कि निजी अस्पताल में महिला भर्ती थी। इसके बाद डॉक्टर ने उसे परर्सनल क्लिनिक में जाने को कह दिया। यहां तय रकम से ज्यादा पैसों की डिमांड ऐन मौके पर की जाने लगी। तभी प्रसूता के घर वाले उसे लेकर अस्पताल से निकल आए। इसी दौरान महिला की डिलीवरी हो गई।
पूरा मामला फतेहपुर के पटेल तिराहे का है। महिला को दर्द से तड़पता देख मौके पर मौजूद लोगों ने साड़ी लगाकर रोड पर ही डिलीवरी करवाई। डिलीवरी के बाद महिला को एंबुलेंस से क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां पर जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। वहीं रोड पर महिला की डिलीवरी का फोटो वायरल हो रहा है। दरअसल रामनगर क्षेत्र के लैन गांव के रहने वाले अजय कुमार ने अपनी पत्नी सुल्फा को प्रसव पीड़ा होने पर फतेहपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। सल्फा को दूसरा बच्चा होना था। इसलिए अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों उसे अपने ही जानने वाले के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाने लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर डिलीवरी में ज्यादा खर्च और समस्याएं बताने लगे। जिससे महिला के साथ मौजूद परिजन ने महिला को भर्ती करवाने से इनकार कर दिया।

परिजन ऑटो रिक्शा से अपने क्षेत्रीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर महिला को ले जा रहे थे। इसी दौरान कुछ आगे पहुंचते ही फतेहपुर के पटेल चौराहे पर महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी।

# बेटे ने मां-बाप को कुल्हाड़ी से काट डाला

### बेटा पैदा न होने पर हत्यारोपी को पिता ने नहीं दी थी जमीन, हत्याकांड के बाद आरोपी फरार

औरैया। औरैया में एक बेटे ने अपने बुजुर्ग मां-बाप की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि हत्यारोपी के 2 बेटियां हैं, कोई बेटा नहीं था, इसलिए बुजुर्ग पिता ने उसे जमीन में कोई हिस्सा नहीं दिया था।
इसी बात को लेकर कई बार विवाद हो चुका था। बीती रात को झोपड़ीनुमा घर में सोते समय बड़े बेटे ने कुल्हाड़ी से माता-पिता के सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्याकांड की वारदात पुरानी दिबियापुर गांव की है।

सुबह करीब 4 बजे छोटा भाई मौके पर पहुंचा तो माता-पिता के शव तख्त पर लहूलुहान हालत में पड़े देखे। पता चला कि बड़ा भाई मौके से फरार है। उसने आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। एसपी चारु निगम समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा।


हत्यारोपी के परिवार से पुलिस ने पूछताछ की। आरोपी की पत्नी को हिरासत में ले लिया।

दंपती के शव कब्जे में लेकर आरोपी की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

#### दंपती के 3 बेटे, 2 को ही दी थी जमीन

बताया जाता है कि पुरानी दिबियापुर निवासी श्यामलाल (75) के तीन बेटे हैं। रमाकांत, उमाकांत और सर्वेश। तीनों गांव में अलग-अलग मकानों में रहते हैं। श्यामलाल अपनी पत्नी रामजानकी के साथ झोपड़ी में रहते हैं। दोनों की देखरेख छोटा बेटा सर्वेश करता है।

#### रमाकांत के 2 बेटियां थीं, बेटा नहीं था

गांव के लोगों ने बताया कि श्यामलाल के बड़े बेटे रमाकांत के 2 बेटियां हुईं थीं। बेटियों की शादी हो जाती तो रमाकांत की जमीन का कोई वारिस न रह जाता। इसीके चलते श्यामलाल ने बड़े बेटे रमाकांत को जमीन में हिस्सा ही नहीं दिया था। गांव में 7 बीघा खेत में 2 भाइयों सर्वेश और उमाकांत का हिस्सा था और रमाकांत का नहीं था।

#### दोनों के सिर पर धारदार हथियार के निशान

छोटे बेटे सर्वेश ने बताया, शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे जब मैं टहलते हुए झोपड़ी के पास गया तो पिता श्यामलाल व माता रामजानकी का शव पड़ा मिला।

दोनों के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला करने के निशान थे। मेरे बड़े भाई रमाकांत ने दोनों की हत्या की है। हत्याकांड के बाद मैं उसके घर दौड़कर गसा तो वो फरार हो गया था। इसके बाद मैंने पुलिस को सूचना दी।

# अयोध्या में बिहार जा रही बस में दो की मौत

### आरटीओ चेकिंग के दौरान 3 घंटे तक खड़ी रही बस, उमस में बिगड़ी हालत

अयोध्या। अयोध्या में प्राइवेट बसों में सवार 2 यात्रियों की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि आरटीओ की चेकिंग की वजह से बसें 3 घंटे तक खड़ी रहीं। उन्होंने ड्राइवर-कंडक्टर को बताया कि उनके घर के सदस्य को इलाज के लिए ले जा रहे हैं, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। इसकी वजह से मौत हो गई।
दरअसल, शुक्रवार को प्राइवेट बसें दिल्ली से बिहार जा रही थी। बस में सवार नीतीश कुमार ने बताया, मेरे पिता की तबीयत खराब थी। मैं पिता को इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले गया था। शुक्रवार को उन्हें वापस घर ले जा रहा था। रुदौली थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास आरटीओ की चेकिंग लगी थी।
उन्होंने बस को रोक लिया।
नितीश कुमार ने बताया, 3 घंटे रोके जाने के कारण गर्मी और उमस की वजह से पिता की तबीयत बिगड़ने लगी। मैंने पिता की तबीयत बिगड़ने के बारे में बस ड्राइवर को बताया। लेकिन उसने मेरी बात को अनसुना कर दिया। इसके बाद आरटीओ के अधिकारियों को भी सूचना दी।
लेकिन उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया। इलाज न मिलने की वजह से पिता की मौत हो गई।
यात्री की मौत के बाद में बस के अन्य यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया, तभी पता चला कि एक अन्य बस में भी एक युवक की मौत हो गई है। आरोप है कि मरीज की मौत की जानकारी पर आरटीओ अधिकारियों ने उस बस को तुरंत भेज दिया।
उधर, हंगामे की सूचना पर रौनाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस और आरटीओ के बीच नोकझोंक भी हुई। ॠझह के अधिकारियों ने सभी बसों को फौरन रवाना कर दिया। इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह से शांत कराया।
आरटीओ प्रवर्तन प्रवीण सिंह ने बताया कि रूटीन चेकिंग के दौरान बसों की परमिट व अन्य कागजात की चेकिंग की जा रही थी। इस एक मरीज के मरने की सूचना है।
जो पहले से बीमार था। बस ड्राइवर से जब यह पूछा गया कि मरीज को बस में क्यों बैठाया तो उन्होंने बताया कि मरीज के परिजनों ने लिखित तौर पर दिया था कि यदि कोई घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी होगी।

### दहेज के लिए महिला से मारपीट

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में महिलाओं के साथ लगातार दहेज के लिए मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं। रोरावर थाना क्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने एसपी से मिलकर अपने शौहर और ससुरालियों के खिलाफ शिकायत की है और दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके ससुराल के लोग लगातार उसके ऊपर देह व्यापार करने का दबाव बनाते हैं। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उसके साथ और ज्यादा मारपीट करते हैं और उसे घर से भी बाहर निकाल दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को शिकायत की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह 10 साल पहले नगला पटवारी के रियाज कालोनी निवासी एक व्यक्ति के साथ हुआ था। उस समय उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार रुपए खर्च किए थे और दान-दहेज, नकदी और गाड़ी दी थी। लेकिन निकाह के कुछ सालों बाद ही ससुरालियों का लालच जागने लगा और वह रुपयों की मांग करने लगे। उसका शौहर, जेठ समेत ससुराल के लोग आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता से देह व्यापार करने का भी दबाव बनाया। जिसके बाद उसने इसका विरोध शुरू कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने 13 सितंबर को उसे जमकर मारा पीटा और घर से भगा दिया। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

# बदायूं में पिकअप वाहन की टक्कर से मासूम की मौत

**बदायूं।** बदायूं में पिकअप वाहन की चपेट में आकर मासूम की मौत हो गई वहीं ड्राइवर मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसा कादरचौक थाना क्षेत्र में असरासी गांव के पास हुआ। गांव के अरविंद का छह साल का बेटा आर्यन गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। वह शुक्रवार को स्कूल गया था और वहां से लौटते वक्त अचानक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, ड्राइवर वहां से भाग निकला।
परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, यहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उसको अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि अलीगढ़ से उसको सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

# कानपुर में मोबाइल चोर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

### 35 चोरी के फोन के बरामद, बरेली उर्स में चोरी करने के बाद जा रहे थे जाजमऊ

**कानपुर।** कानपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो दर्जन से अधिक मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आरोपियों लोगों के मोबाइल चोरी करते थे। बरेली में हुए उर्स में मोबाइल चोरी करने के बाद कानपुर में चल रहे उर्स में मोबाइल चोरी करने के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। बिठूर थाना पुलिस में दोनों के खिलाफ



मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।
कानपुर कमिश्नरेट पुलिस पश्चिम स्वॉट टीम और बिठूर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मोबाइल चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बिठूर थाना पुलिस ने परियर की तरफ से आ रहे दो आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से 35 चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए। इसके बाद आरोपियों को थाने लाया गया। एडीसीपी लखन सिंह यादव ने बताया की आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों के मोबाइल चोरी करते थे।
पूछताछ में मोहम्मद वासू और सलमान ने बताया कि उनके पास यह चोरी के मोबाइल जो बरामद हुए हैं। वह बरेली के उर्स से चोरी करके लाए हैं। उन्होंने बताया की दोनों कानपुर में चल रहे जाजमऊ के उर्स में जाकर मोबाइल चोरी करने का प्लान बनाकर आए हुए थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया, जिनके पास से चोरी के मोबाइल बरामद किए गए हैं। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फिरोजाबाद में किशोरी से रेप का आरोपी गिरफ्तार

### बारात देखने गयी थी पीड़िता के साथ की थी दरिंदगी, 3 महीन से फरार था आरोपी

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद जिले की जसराना थाना पुलिस ने रेप के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लगभग तीन माह पहले आरोपी ने एक नाबालिग से खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।



थाना प्रभारी जसराना महेश सिंह के मुताबिक इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग तीन माह पहले बारात आयी थी। इसी बारात को देखने के लिए एक नाबालिग किशोरी भी आयी थी। आरोप है कि तभी गांव का ही युवक किशोरी को पकड़कर खेत मे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोरी जब काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान लड़की बदहवास हालत में खेत में मिली। लड़की से जब परिजनों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया है। परिजनों ने घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। जिसके बाद जसराना कोतवाली में आरोपी संदेश के खिलाफ पॉक्सो और रेप की धारा के तहत केस दर्ज किया गया।

### हाथरस में 2 लूटों का आरोपी गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लूट की दो बड़ी वारदातों का खुलासा किया है। इस बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर 3 दिन पहले एक फाइनेंस कमी से लूटपाट की थी। इससे पहले उसने शराब के एक सेल्समैन से भी लूट की थी। उल्लेखनीय है कि 13 सितंबर को एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी हरेंद्र सिंह से मुरसान क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर 91 हजार रुपए लूट लिए थे। उसके बाद मारपीट कर बदमाश वहां से भाग गए थे। इस मामले में कोतवाली मुरसान में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब पुलिस ने इस वारदात में एक बदमाश आकाश उर्फ अक्कू पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी ऊंचागांव थाना सादाबाद को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस बदमाश ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर यह वारदात की थी। उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा, लूटे गए 33,050 और एक बाइक बरामद की है।

## शार्ट न्यूज

### वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात अगस्त में 7 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा 24.16 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। विश्व के प्रमुख बाजारों में कमजोर मांग के बीच, भारत से व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात में अगस्त 2023 में वार्षिक आधार पर 6.86 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में वाणिज्यक निर्यात 34.48 अरब डॉलर रहा। अगस्त 2022 में व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात 37.02 अरब डॉलर रहा था। अगस्त माह में वाणिज्यक आयात में भी डॉलर के हिसाब से सालाना आधार पर 5.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अगस्त, 23 में आयात घट कर 58.64 अरब डालर रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में आयात 61.88 अरब के बराबर था। इस साल अगस्त में व्यापार घाटा 24.16 अरब डॉलर रहा। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अगस्त 2023 की अवधि के लिए वाणिज्यिक निर्यात 172.95 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अगस्त 2022 के दौरान देश से 196.33 अरब डालर के सामान का निर्यात हुआ था। ताजा आंकड़ों अनुसार अप्रैल-अगस्त 2023 में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवाओं को मिला कर) अप्रैल-अगस्त 2022 की तुलना में 5.22 प्रतिशत गिरा। इसी तरह इस चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल आयात एक साल पहले की इसी अवधि से 10.35 प्रतिशत कम रहा।

### योगा बार ने पेश किया नया योगा बेबी उत्पाद

नयी दिल्ली। हेल्थ फूड ब्रांड योगा बार ने योगा बेबी ङ्क एक नई प्रोडक्ट रेंज पेश की है जो परिवार के सबसे छोटे सदस्यों की पोषण ज़रूरतों के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस नई रेंज में दलिया मिक्स के पांच वेरिएंट होंगे ङ्क स्प्राउटेड रागी एंड मैंगो, स्प्राउटेड रागी स्ट्रॉबेरी, स्प्राउटेड रागी, सैफरन, ओट्स एवं ओट्स, डेट्स एंड मिलेट्स शामिल है। योगा बेबी, माताओं और दादी मांओं की पारंपरिक विधियों से प्रेरित होकर तैयार किया गया है। इस रेंज में मिलेट्स यानि बाजरा को शामिल किया गया है, पौष्टिक खूबियों से भरपूर इन सामग्रियों में मिलेट्स, ओट्स और रागी जैसे साबूत अनाजों के मिश्रण के साथ योगा बेबी ने बाज़ार में कदम रखा है। ब्रांड का उद्देश्य माताओं एवं अभिभावकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दोबारा जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि अपने बच्चों को भरपूर पोषण प्रदान कर सकें। योगा बेबी मिक्स का प्रत्येक वेरिएंट बच्चों की बढ़ती उम्र की पोषण ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह प्रोडक्ट योगा बार के ऑनलाइन स्टोर एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है और जल्द ही रीटेल दुकानों पर भी मिलने लगेगा।

### मर्सिडीज ने लांच की नयी ईलेक्ट्रिक ईक्यूई 500 4 मैटिक एसयूवी, कीमत 1. 39 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली । लक्जरी यात्री वाहन बनाने वाली जर्मन कंपनी मर्सिडीज बेंज की भारतीय इकाई ने आज अपने वैश्विक पोर्टफोलियो से टॉप इंड लक्जरी ईलेक्ट्रिक वाहन ईक्यूई 500 4मैटिक एसयूवी लॉन्च की जिसकी अखिल भारतीय एक्स शोरूम कीमत 1.39 करोड़ रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ईक्यूई एसयूवी मर्सिडीज-बेंज के लक्जरी बीईवी पोर्टफोलियो को और मजबूत करेगी, जो भारत के लिए योजनाबद्ध बीईवी रोडमैप को रेखांकित करेगी। अपने एसयूवी अवतार में नया ईक्यूई 500 अपनी श्रेणी का अत्याधुनिक तकनीक के साथ एक विद्युतीकरण डिजाइन के संयोजन से लक्जरी स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन अनुभव को फिर से परिभाषित करता है। उसने कहा कि फुल चार्ज पर 550 किलोमीटर चलने वाली बैटरी से यह लैस है। फ्रंट और रियर एक्सल दोनों पर इलेक्ट्रिक पावरट्रेन 300 किलोवाट की पावर और 858 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। यह केवल 4.9 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। इसमें 90.56 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक है।

### भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौता वार्ता रुकी

**नई दिल्ली।** भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता रुक गई है। कनाडा में कुछ राजनीतिक घटनाक्रमों की वजह से कनाडा-भारत एफटीए वार्ता रुकी हुई है। दोनों सरकारों के बीच मुद्दे सुलझने के बाद बातचीत फिर से शुरू होगी। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। हालांकि, करीब दो सप्ताह पहले भी खबर आई थी कि कनाडा ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता पर रोक लगा दी है। कहा गया था कि दोनों देश आपसी सहमति से वार्ता भविष्य में फिर से शुरू करेंगे। कनाडाई पक्ष ने बताया था कि वह अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट (ईपीटीए) को रोक रहे हैं। इससे हम दोनों वार्ता पर प्रगति और अगले कदमों का जायजा ले सकेंगे। हम आपसी सहमति से तय करेंगे कि वार्ता कब बहाल होगी। भारत व कनाडा के बीच अबतक करीब दर्जनभर मुक्त व्यापार समझौता वार्ताएं हो चुकी हैं। पिछले साल मार्चा में दोनों देशों ने अंतरिम समझौते के लिए फिर से समझौता वार्ता शुरू की थी, जिसे आधिकारिक तौर पर ईपीटीए के रूप में जाना जाता है। वार्ता की शुरुआत 2010 में हुई थी और 2017 में रोक दी गई थी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार वर्ष 2021-22 में सात अरब डॉलर था, जो वर्ष 2022-23 में 8.16 अरब डॉलर का हो चुका है।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 417 करोड़ रुपये की आय जब्त, ईडी ने दी जानकारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 417 करोड़ रुपये के अपराध हुए आय को जब्त किया है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है।प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि हमने कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं। ईडी ने कहा, हमने अपराध से अर्जित 417 करोड़ रुपये भी फ्रीज/जब्त किए हैं। ईडी के अनुसार सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की ओर से बनाई गई कंपनी दुबई से परिचालन कर रही थी। कंपनी कथित तौर पर नए उपयोगकर्ताओं को जोड़ने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित जाल के माध्यम से धन शोधन करने के लिए ऑनलाइन बुक बेटिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रही थी। एजेंसी ने एक बयान में आरोप लगाया, %%ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत बरामद किए हैं और 417 करोड़ रुपये के अपराध की आय को फ्रीज/जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की जांच से पता चला है कि महादेव ऑनलाइन बुक एप यूएई के एक केंद्रीय मुख्यालय से चलाया जाता है।

### कैलिफोर्निया में फास्ट फूड उद्योग से जुड़े कर्मियों को मिलेंगे कम से कम 1,660 रु. प्रतिघंटे

वॉशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्नियां में फास्ट फूड श्रमिकों को लंबे समय से ही श्रम कानूनों द्वारा नजरअंदाज किया गया है। उन्हें कम वेतन पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। फास्ट फूड उद्योग में श्रमिकों की बहुत जरूरत पड़ती है इस कारोबार को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से नए श्रमिकों की नियुक्ति और उन्हें सीखाने की जरूरत पड़ती रहती है। अमेरिका के कैलिफोर्नियां में फास्ट फुड श्रमिकों के लिए एक नया बिल लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी श्रमिकों को न्यूनतम वेतम मुहैया कराना है। इस बिल के अनुसार सभी श्रमिकों को साल 2024 से न्यूनतम वेतन के तौर पर श्रमिकों को प्रति घंटे के हिसाब से 20 (करीब 1,660 रुपये) दिया जाएगा। असेंबली बिल 1228 कैलिफोर्निया के 500,000 फास्ट फूड श्रमिक और स्वास्थ्य केंद्र के 455,000 श्रमिकों के लिए है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार देश के सभी रेस्टरां में श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को 20 तक बढ़ाना होगा। वहीं स्वास्थ्य केंद्र में श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 23 होगा। श्रमिक संघ और उद्योग इस बिल के समर्थन में हैं। फास्ट-फूड वर्कर और एसईआईयू के सदस्य इंग्रिड विलोरियो ने कहा, पिछले एक दशक से फास्ट फूड कुक, कैशियर और बैरिस्ता हमारे उद्योग को प्रभावित करने वाली न्यूनतम वेतन और असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों से लड़ रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में ग्रीनफील्ड ईवी विनिर्माण इकाई स्थापित करेगा अशोक लीलैंड

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर



लखनऊ। दुनिया की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण की इकाई लगाएगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अशोक लीलैंड और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश में अशोक लीलैंड का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह आश्चर्य का विषय का था कि 25-30 करोड़ की विशाल आबादी, देश की सबसे बड़े युवा पूंजी वाले राज्य में अब तक अशोक लीलैंड की उपस्थिति नहीं हो सकी थी। इस लिहाज से आज का दिन ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने हर निवेशक को सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 06 वर्ष पहले तक जो औद्योगिक समूह यहां आने से परहेज करते थे, आज यहां आने के बाद अपने संस्थान का विस्तार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अशोक लीलैंड का उत्तर प्रदेश में निवेश का निर्णय समयानुकूल है और पूरे हिंदुजा ग्रुप को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अशोक लीलैंड का यह कदम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के अनुरूप ही है, जहां देश पारंपरिक ईंधन विकल्पों पर निर्भरता कम करने के लिए संकल्पित है। उत्तर प्रदेश सरकार नेट ज़ीरो मिशन के अनुरूप निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्सुक है। स्वच्छ सार्वजनिक और माल परिवहन के माध्यम से उत्सर्जन को कम करना उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण एवं परिचालन की दिशा में लगातार काम कर रही है। हमने इस संबंध ने राज्य की नीति भी जारी की है। आज सर्वाधिक ईवी उत्तर प्रदेश में पंजीकृत हैं। अब हम अधिकाधिक चार्जिंग स्टेशनों को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यूपीएसआरटीसी के बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल कर रहे हैं। विभिन्न नगरों में ईवी संचालित हो रही है।

एमओयू हस्ताक्षरित होने के अवसर पर मौजूद, अशोक लीलैंड के चेयरमैन श्री धीरज हिंदुजा ने कहा कि हम इस वर्ष अशोक लीलैंड की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राज्य में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना इसे आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता की व्यक्त करता है। आज उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक माहौल उद्योगों के विकास के अनुकूल है और कंपनी इसका पूरा लाभ उठाने को तत्पर है।

एमओयू से पूर्व की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अशोक लीलैंड के चेयरमैन श्री धीरज हिंदुजा ने कहा कि हमने पहली बार इसी साल 10 अगस्त को यूपी ने निवेश के लिए बातचीत की थी और आज 15 सितंबर है। महज 36 दिन के भीतर सब कुछ तय हो गया। मुख्यमंत्री जी की इस टीम की तरह ही और राज्यों में भी अगर काम हो, तो उद्योग जगत का परिदृश्य ही बदल जायेगा। श्री धीरज हिंदुजा ने त्वरित निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री जी व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आज उत्तर प्रदेश %डायनेमिक स्टेट% बन गया है। प्रस्तावित इकाई के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह नवीन इकाई आगामी 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम आने वाले वर्षों में कंपनी डीजल बसों और वाणिज्यिक वाहनों के अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदलने की योजना पर काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता %नंदी% ने कहा कि अशोक लीलैंड उत्तर प्रदेश में इकाई स्थापित करने का निर्णय कंपनी की ताकत को और बढ़ाएगा।

# भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है यूपी : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने इंडियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित समिट को किया संबोधित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। सही मायने में कहा जाए तो यूपी अब भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सीएम योगी शुक्रवार को इंडियन स्टील एसोसिएशन द्वारा होटल ताज में आयोजित समिट को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का बेहतरीन वातावरण है। सीएम योगी ने निवेशकों आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। इसके साथ ही उन्होंने निवेशकों को सरकार की तरफ से हर तरह का सहयोग दिए जाने की बात भी कही।

सीएम योगी ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज प्रदेश में पर्व और त्योहारों में कोई दंगा-फसाद नहीं होता है। वीवीआईपी की विजिट बहुत सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होती है। 2019 के प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे, लेकिन कहीं कोई आराजकता नहीं फैली। उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने एक लंबी छलांग लगाई है। आज निवेश मित्र के रुप में देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म उत्तर प्रदेश के पास है। सीएम योगी ने कहा कि 25 सेक्टर की पॉलिसी उत्तर प्रदेश ने जारी की है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ होने वाले एमओयू की मॉनिटरिंग 'निवेश सारथी' पोर्टल के माध्यम से की जा रही है।

### आज हम दिल्ली से पटना दस घंटे में पहुंच सकते हैं

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो चुकी है। 2017 के पहले प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। आज नौ एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हैं, जिनमें तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। इस वर्ष के अंत तक हम लोग 10 नए एयरपोर्ट को क्रियाशील कर देंगे, जिनमें अयोध्या और जेवर दो नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में काफी कार्य हुए हैं। वर्तमान में 13 एक्सप्रेस-वे संचालित और प्रस्तावित हैं। सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान हमने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 526.4 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 55.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.4 अरब डॉलर पर आग गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया।


# टाटा स्टील ब्रिटेन में करेगी 1.25 अरब यूरो का निवेश

मुंबई। टाटा स्टील और ब्रिटेन सरकार ने पोर्ट टैलबोट साइट पर 1.25 अरब यूरो की लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्टीलमेकिंग का करार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस प्लांट के लिय ब्रिटेन सरकार 50 करोड़ यूरो का अनुदान देगी। उसने कहा कि टाटा स्टील और ब्रिटेन सरकार संयुक्त रूप से स्टील उद्योग में दशकों के सबसे बड़े निवेश के प्रस्ताव पर सहमत हैं। टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा ब्रिटेन सरकार के साथ समझौता इस्पात उद्योग और वास्तव में औद्योगिक मूल्य श्रृंखला के भविष्य के लिए एक निर्णायक क्षण है। प्रस्तावित निवेश महत्वपूर्ण रोजगार को संरक्षित करेगा और दक्षिण वेल्स में हरित प्रौद्योगिकी-आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करेगा। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा टाटा स्टील यूके को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दशकों में ब्रिटेन स्टील उद्योग में सबसे बड़े निवेशों में से एक प्रस्तावित परियोजना, सभी हितधारकों के लिए बेहतर परिणाम का अवसर प्रदान करती है। हम टाटा स्टील यूके के लिए भविष्य के जोखिम और अवसरों के संदर्भ में प्रस्तावित परिवर्तन मार्ग पर यूनियनों के साथ सार्थक परामर्श करेंगे। सरकार के समर्थन और सभी हितधारकों के साथ टाटा स्टील यूके के कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से, हम टाटा स्टील यूके को एक हरित, आधुनिक भविष्य के लिए तैयार व्यवसाय में बदलने के लिए काम करेंगे। यह परियोजना ब्रिटेन की इस्पात सुरक्षा को मजबूत करेगी और स्थानीय इस्पात उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में पहला बड़ा कदम होगा, जिससे एक दशक में प्रत्यक्ष उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आएगी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान करें ओटीटी आपरेटर : सीओएआई

**नयी दिल्ली।** सेल्युलर मोबाइल नेटवर्क आपरेटर कंपनियों के मंच सीओएआई ने गुरुवार को कहा कि भारत में ऐसे समय जबकि टेलीकॉम कंपनियां नेटवर्क और सेवा को अंतिम छोर तक पहुंचाने के कनेक्शन की तैनाती के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का बोझ उठा रही हैं, उनके कंधे पर बैठक कर इंटरनेट आधारित सेवाएं देकर कमाई कर रहे ओवर-दी-टाप आपरेटर नेटवर्क खर्चों में कोई योगदान नहीं कर रहे हैं! सीओएआई ओटीटी प्लेटफर्मों के कारोबार और दायित्व से जुड़े इस विषय को इससे पहले भी कई बार उठा चुका है। सीओएआई का कहना है कि वैश्विक ओटीटी आपरेटरों की विज्ञापन तथा ग्राहक से होने वाली कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत से हो रहा है, उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान करना चाहिए। सीओएआई के महानिदेशक ले. जनरल डॉ एस पी कोचर ने गुरुवार को यहां मीडिया के साथ एक ऑनलाइन चर्चा में कहा कि वैश्विक इंटरनेट ट्रैफ़िक का करीब 81 प्रतिशत ट्रैफिक एलटीजी (तीव्र इंटरनेट प्रौद्योगिकी नेटवर्क) के ओटीटी प्लेटफार्म उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन एलटीटी ओटी इनका स्वामित्व बड़े पैमाने पर कमाई करने वाली बड़ी वैश्विक कंपनियां हैं जो उपभोक्ताओं और विज्ञापनदाताओं से मोटी कमाई कर रही हैं। सीओएआई महानिदेशक ने कहा , भारत में कमाया उनका राजस्व भारतीय अर्थव्यवस्था के किसी काम नहीं आ रही है, क्योंकि यह उनके मूल देश में पास चला जाता है। सीओएआई का मानना है कि इन ओटीटी प्लेटफार्म को इस भारतीय बाजार में योगदान करने की जरूरत है। ले. जनरल कोचर ने कहा, भारत में यहां तक की ग्रामीण इलाकों में भी जहां कि दूससंचार सेवा प्रदाताओं के लिए नेटवर्क फैलाने का कोई व्यावहारिक व्यावसायिक लाभ नहीं है, वहां भी ओटीटी प्लेटफार्मों के कारण डाटा सेवाओं और तेज इंटनेट की मांग बढ़ गयी है।

# दूरसंचार, ऑटो, आईटी और टेक समूहों में लिवाली से बाजार गुलजार




मुंबई। दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में आज ग्यारहवें दिन भी तेजी रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.63 अंक की छलांग लगाकर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.25 अंक की तेजी लेकर 20192.35 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत की बढ़त लेकर 32,505.37 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 37,828.56 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1932 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 32 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही।


बीएसई के दस समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान दूरसंचार 1.67, ऑटो 1.48, सीडी 0.61, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.37, इंडस्ट्रियल्स 0.12, आईटी 0.76, बैंकिंग 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41 और टेक समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे। विदेशी बाजारों का रुख सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, जर्मनी का डैक्स 0.97, जापान का निक्केई 1.10 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.75 प्रतिशत की मजबूती रही जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत उतर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी लेकर 67,659.91 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,614.42 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं लिवाली की बदौलत यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,927.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 67,519.00 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत उछलकर 67,838.63 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 53 अंक बढ़कर 20,156.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,129.70 अंक के निचले जबकि 20,222.45 अंक के ऊंचे स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,103.10 अंक की तुलना में 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,192.35 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 20 कंपनियों में से भारती एयरटेल ने सबसे अधिक 2.37 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.23, एचसीएल टेक 1.66, टाटा मोटर्स 1.57, टेक महिंद्रा 1.51, एचडीएफसी बैंक 1.24, टीसीएस 1.14, विप्रो 1.07, एक्सिस बैंक 0.60, नेस्ले इंडिया 0.59, सन फार्मा 0.53, आईसीआईसीआई बैंक 0.51, अल्ट्रासिमको 0.42, इंफोसिस 0.37, रिलायंस 0.37, मारुति 0.37, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.30, टाटा स्टील 0.30, एसबीआई 0.20 और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.05 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, एशियन पेंट 1.32, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.26, बजाज फिनसर्व 0.80, एनटीपीसी 0.69, इंडसइंड बैंक 0.49, पावरग्रिड 0.46, कोटक बैंक 0.40, टाइटन 0.38, आईटीसी 0.34 और एलटी के शेयरों ने 0.27 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय करने को प्रतिबद्ध : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रस्तावित 'भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा' परियोजना के संदर्भ में शुक्रवार को कहा कि जी20 की इस पहल पर सहमति में भारत की भूमिका अग्रणी रही और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है। वह यहां नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित स्वच्छ ऊर्जा पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी के उलक्ष्य में एक परिचर्चा में मुख्य वक्ता थे। इसका विषय था- वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला की दृढ़ता प्राप्त करने में भारत को भागीदार के रूप में स्थापित किया जाना । उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में हाल में सम्पन्न जी20 शिखर सम्मेलन में भारत-पश्चिम एशिया- यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना, हरित हाइड्रोजन और सम्पर्क परियोजनाओं के क्षेत्र में समूह के देशों के बीच सहमति इन क्षेत्रों में दुनिया को साथ लाने के लिए कार्य करने की भारत की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

उन्होंने जी20 के नेताओं के नयी दिल्ली घोषणा पत्र दुनिया को स्वच्छ, टिकाऊ और समावेशी ऊर्जा की ओर ले जाने के विषय में उल्लिखित संकल्प को लागू करने पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे, हरित हाइड्रोजन और कनेक्टिविटी परियोजना जैसी पहलों के माध्यम से भारत वैश्विक नेतृत्व, अड़चनों को दूर करने तथा दुनिया को करीब लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत के पास दुनिया भर में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में योगदान करने के लिए इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और क्षमता है। उन्होंने कहा कि जी20 की नयी दिल्ली घोषणा में स्वच्छ, टिकाऊ, न्यायसंगत, किफायती और समावेशी ऊर्जा परिवर्तन की रूपरेखा दी गई है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भाग लेना चाहता है, बल्कि दुनिया को अधिक टिकाऊ, समावेशी और परस्पर जुड़ा हुआ बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देना चाहता है।

### प्रतिबंधों के कारण रूस में फंसे 60 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। भारतीय तेल कंपनियां रूस में फंसे 60 करोड़ डॉलर के अपने लाभांश से रूसी कच्चा तेल खरीदने की संभावनाएं तलाश रही हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के रूस पर लगाए प्रतिबंधों के कारण पैसा भारत नहीं लाया जा सका है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया, भारत की शीर्ष-4 पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. की एक इकाई, ऑयल इंडिया लि. और ओएनजीसी विदेश लि. (ओवीएल) रूसी तेल एवं गैस क्षेत्रों में अपने निवेश से अर्जित लाभांश आय को नहीं ला सकी हैं। वह पैसा रूस में उनके बैंक खातों में पड़ा हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि एक विकल्प यह है कि रूसी बैंकों के खातों में पड़े पैसे को कच्चा तेल खरीदने वाली कंपनियों को कर्ज के रूप में दिया जा सकता है। ये कंपनियां भारत में ऋण चुका सकती हैं।

# दिल्ली में पैनासोनिक लिविंग स्टोर लॉन्च

नयी दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन मटेरियल्स (ईसीएम) के उत्पादक पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने राजधानी दिल्ली में पैनासोनिक लिविंग स्टोर के अपने नये फ्रैंचाइज़ स्टोर को लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ वह भारत में अपनी खुदरा मौजूदगी को बढ़ाने के लिये तैयार है। सुल्तानपुर स्थित नया सैकमेह इंटरनेशनल स्टोर में घरों तथा रहन-सहन के लिये जरूरी ब्रांड के मॉड्यूलर किचन्स, वार्डरोब्स, सीटेड शॉवर्स, इलेक्ट्रिक टॉयलेट सीट्स, वूडन फ्लोरिंग और केएमईडब्ल्यू एक्सटर्नल क्लैडिंग जैसी सारी वस्तुयें होंगी। यह स्टोर पैनासोनिक के सबसे नये किचन डिजाइन और दूसरी अभिनव पेशकशें दिखाएगा। पैनासोनिक लाइफ सोल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले एंकर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) जापान की पैनासोनिक होल्डिंग कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। यह इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन मटीरियल की प्रमुख कंपनी है, जिसकी पूरे भारत में मौजूदगी है। कंपनी के उत्पादों में वायरिंग डिवाइसेज (स्विच, सॉकेट और ऐक्सेसरीज), वायर, केबल, स्विचगियर, कॉन्ड्यूटपाइप, बॉक्स, सोलर मॉड्यूल, इनवर्टर्स एंड सोलर ईपीसी सोल्यूशंस, आवासीय और वाणिज्यिक प्रकाश व्यवस्था, आईओटी और होम ऑटोमेशन, आईएक्यू (इनडोर एयर क्वॉलिटी/पंखे) वॉटर हीटर, ईवी इंफ्रास्ट्रक्टचर/चार्जर्स और मॉड्यूलर किचन, वार्डरोब जैसे कि हाउसिंग सोल्यूशंस, इलेक्ट्रॉनिक टॉयलेट सीट (ईटीएस), क्लोद्स ड्राइंग सिस्टम, केएमईडब्ल्यू बोर्ड, आदि शामिल हैं।

## शार्ट न्यूज

### नो हॉन्किंग टी20 सीरीज में उतरेंगे दिग्गज

मुबंई । सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता के मकसद से शनिवार से मुबंई में खेली जाने वाली तीन देशों की 'नो हॉन्किंग ट्वेंटी20 सीरीज़' में देश दुनिया के जानेमाने दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। मुबंई में मीरा-भयंदर (पश्चिम) के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान में 16 से 18 सितंबर के बीच भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें टी20 मैच खेल कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील करेंगी। प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स और यूरोस्पोर्ट इंडिया पर शाम साढ़े सात बजे से किया जायेगा। प्रतियोगिता का शुरुआती मैच इंडिया लेजेंड्स और बांग्लादेश लेजेंड्स के बीच 15 सितंबर को खेला जायेगा। लीग में इंडिया लीजेंड्स का प्रतिनिधित्व गौतम गंभीर, अंबाती रायडू, आर.पी. सिंह और मुनाफ पटेल जैसे प्रमुख भारतीय दिग्गजों के साथ-साथ नमन ओझा, स्टुअर्ट बिन्नी, अशोक डिंडा, विनय कुमार, मनप्रीत गोनी, अभिमन्यु मिथुन जैसे पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी करेंगे। श्रीलंका लीजेंड्स में सनथ जयसूर्या, चामिंडा वास, रोमेश कालुविथराना और उपुल थरंगा जैसे दिग्गज देखे जा सकते हैं वहीं बांग्लादेश लीजेंड्स में अब्दुर रज्जाक, हबीबुल बशर और मोहम्मद रफीक मैदान में उतरेंगे।

### विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल टिकटों की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटों की आन लाइन बिक्री शुक्रवार शाम आठ बजे से शुरू हो जाएगी। आईसीसी के बयान के अनुसार भारतीय समयानुसार 15 सितंबर रात आठ बजे से टिकटों की बिक्री शुरू होगी। क्रिकेट प्रेमी एवं प्रशंसक आधिकारिक टिकटिंग वेबसाइट टिकट्स.क्रिकेटवर्ल्डकप.कॉम पर जाकर विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए अपनी सीट बुक करा सकते हैं। विश्वकप का पहला सेमीफाइनल 15 नंवबर (बुधवार) को मुंबई के वानखेड स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी तरह दूसरा सेमीफाइनल 16 नवंबर (रविवार) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। विश्व कप का फाइनल गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को खेला जाएगा। विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बंगलादेश, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं।

### टेनिस संघ ने बोपन्ना को सम्मानित किया

लखनऊ । अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने देश के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को सम्मानित किया। बोपन्ना शनिवार और रविवार को लखनऊ के गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में मोरक्को के खिलाफ वर्ल्ड ग्रुप-2 प्ले-ऑफ में मोरक्को के खिलाफ विदाई मुकाबला खेलेंगे। भारतीय 43 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते एक नया इतिहास रचा जब वह यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम युगल फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। सम्मान समारोह में एआईटीए के अध्यक्ष अनिल जैन, भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल जो भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं, एआईटीए महासचिव अनिल धूपर और अन्य एआईटीए अधिकारी उपस्थित थे। सम्मान समारोह में मोरक्को के खिलाड़ी भी मौजूद थे। इन मैचों का सीधा प्रसारण दूरदर्शन स्पोर्ट्स और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा।

### नसीम और हारिस के विश्वकप खेलने पर संशय

कोलंबो। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ के पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय (वनडे) विश्व कप में टीम का हिस्सा बने रहने पर संशय बना हुआ है। कप्तान बाबर आजम को हालांकि यह उम्मीद है कि भारत में होने वाले विश्वकप से पहले दोनों गेंदबाज स्वस्थ हो जायेंगे। एशिया कप के सुपर फोर मुकाबलों के दौरान रऊफ और नसीम चोटिल हो गये थे। उनके स्थान जमान खान और शाहनवाज दहानी को टीम में शामिल किया गया था। पाकिस्तान गुरुवार को श्रीलंका से हार कर फाइनल में पहुंचने से वंचित रह गया था। दरअसल, सभी टीमों के पास छह सप्ताह के टूर्नामेंट के लिए आईसीसी को अपनी टीम सौंपने के लिए 28 सितंबर तक का समय है और उस तारीख के बाद वे कार्यक्रम आयोजकों की अनुमति से केवल अपने 15-खिलाड़ियों के समूह में बदलाव कर सकते हैं। कप्तान बाबर आजम को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ छह अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए उपलब्ध होंगे हालांकि इस जोड़ी के उपलब्ध न रहने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में वह कुछ जवाब नहीं दे सके। बाबर ने कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं।

### बावुमा और नार्टजे के चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीकी की मुश्किलें बढ़ीं

केप टाउन। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा के भी चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलों में इजाफा हुआ है। नार्टजे पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी एकदिवसीय श्रृखंला से बाहर हो गए हैं जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा भी चोटिल हाने के कारण शुक्रवार को सेंचुरियन में होने वाले चौथे वनडे में नहीं खेलेंगे। कप्तान बवुमा की मांसपेशियों में खिंचाव है। ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में बने रहने के लिए चौथा वनडे हर-हाल में जीतना होगा। दक्षिण अफ्रीका के इन खिलाड़ियों चोटिल होने से उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप से पहले अपने दोनों खिलाड़ियों को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी। एडेन मार्करम अब चौथे वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे। वो इस सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। टी20 सीरीज पहले ही दक्षिण अफ्रीका 3-0 से हार चुकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में बने रहना है तो फिर ये मुकाबला हर-हाल में जीतना होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम चाहेगी कि ये मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ले। मिचेल मार्श की अगुवाई में टीम ने अभी तक काफी अच्छा खेल दिखाया है।

### छेत्री ने क्लब की जगह राष्ट्रीय टीम को दी प्राथमिकता



नई दिल्ली। हांगझोऊ एशियाई खेलों को लेकर 'क्लब बनाम देश' के मुश्किल सवाल पर भारतीय फुटबॉल 'लूजर' साबित हुई, लेकिन देश के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने इन सभी से ऊपर उठकर राष्ट्रीय दायित्व को प्राथमिकता दी। करिश्माई स्ट्राइकर छेत्री ने अपने 18 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय कॅरिअर में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। कई इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों ने एशियाड के लिए अपने खिलाड़ियों को 'रिलीज' करने से इनकार कर दिया था लेकिन 39 वर्षीय छेत्री ने राष्ट्रीय टीम की अगुवाई करने का फैसला किया। पिछले महीने एशियाई खेलों के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई थी लेकिन इसमें से 13 खिलाड़ियों को उनके संबंधित आईएसएल क्लबों ने रिलीज ही नहीं किया जिसमें डिफेंडर संदेश झिंगन और नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने काफी मुश्किलों के बाद दोयम दर्जे की 18 सदस्यीय टीम चुनी जिसमें छेत्री एकमात्र जाना माना चेहरा हैं।

# प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा डेविस कप का आयोजन : सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 2 में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी में लिया हिस्सा**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को विजयंत खंड गोमती नगर में जो टेनिस कोर्ट बनाया गया है वहां पर संपन्न होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 2 में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी के अवसर पर कहीं। इससे पूर्व सीएम योगी ने ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का भी ऐलान किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस लीजेंड विजय अमृतराज भी शामिल रहे।

इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया और उन्होंने सीएम योगी के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया।

सीएम योगी ने प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के खेलो इंडिया खेलो के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है। खेल सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्... यानी जीवन के जो भी साधन होते हैं वो एक स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं और स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद की प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं।

# स्टुअर्ट मैकगिल पर लगा कोकीन डील का आरोप

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिन गेंदबाज स्टुअर्ट मैकगिल के अपहरण मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। पुलिस ने मैकगिल पर कथित तौर पर कोकीन डील में एक बड़ी भूमिका निभाने का आरोप लगाया है।

मैकगिल के कथित अपहरण का आरोप छह लोगों पर लगाया गया है। मैकगिल का अप्रैल 2021 को सिडनी के उत्तरी तट पर अपहरण हुआ था। पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं, उन्हें पुलिस ने पिछले मंगलवार को गिरफ्तार किया था।

ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार मैकगिल ने 2019 में 330,000 डॉलर की कोकीन डील में बड़ी भूमिका निभायी थी और इसमें पूर्व स्पिनर के साथ दो और लोग शामिल थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कथित कोकीन आपूर्ति मामले में जांच शुरू की और शुक्रवार को उन्होंने पुष्टि की कि 52 वर्षीय मैकगिल को मंगलवार को चैट्सवुड में गिरफ्तार किया गया था। मैकगिल ने कथित अपहरण के बाद पुलिस को बताया कि घटना के दौरान अपहरणकर्ताओं ने उसके सिर पर बार-बार मुक्का मारा गया, जिससे वह बेहोश हो गये। उन्होने कहा मुझे सिडनी के उत्तरी तट पर क्रेमोर्न में एक कार में जबरदस्ती बिठाया गया और सिडनी के दक्षिण में ब्रिंगली ले जाया गया।

लगभग एक घंटे बाद मुझे बेलमोर में छोड़ने से पहले तीनों अपहरणकर्ताओं ने कथित तौर पर उससे पैसे ऐंठने की कोशिश की।

## फीफा ने 2023 के पुरस्कारों के लिए की नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा

जिनेवा। फीफा ने 2023 के सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कारों के लिए नामांकित खिलाड़ियों, कोचों की घोषणा की है। सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित सूची में लियोनेल मेसी और एर्लिंग हालैंड शीर्ष पर हैं। मेस्सी ने अर्जेंटीना के साथ विश्व कप जीता, जबकि एर्लिंग हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीज़न में महाद्वीपीय तिहरा खिताब दिलाया। किलियन एम्बाप्पे भी इस सूची में शामिल हैं, लेकिन पुर्तगाली सनसनी क्रिस्टियानो रोनाल्डो बाहर हैं। लियोनेल मेस्सी, किलियन म्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड को फीफा सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। फीफा प्रशंसक सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और फीफा प्रशंसक पुरस्कार के लिए छह अक्टूबर तक अपना वोट दे सकेंगे। सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी के लिए 16 खिलाड़ियों की सूची में विश्व चैंपियन स्पेन और उपविजेता इंग्लैंड के चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित 12 खिलाड़ियों में से छह प्रीमियर लीग टीम मैनचेस्टर सिटी से हैं। सिटी के मुख्य कोच पेप गार्डियोला अपने चार साथियों के साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच के लिए नामांकित लोगों में से हैं, सर्वश्रेष्ठ महिला कोच के लिए पांच नामांकित हैं।

## शूटिंग विश्व कप में सागर डांगी छठे, सौरभ चौधरी 30वें स्थान पर रहे

रियो डी जनेरियो । सागर डांगी ने यहां खेली जा रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया है। भारत के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 157.4 का स्कोर अर्जित किए। शीर्ष आठ चरण में जगह बनाने वाला वह एकमात्र भारतीय है। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता। रियो विश्व कप में 16 सदस्यीय भारतीय टीम सात ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा ले रही है। कल दूसरा स्वर्ण महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में अर्मेनिया को मिला। इस प्रतिस्पर्धा में भारत को कोई खिलाड़ी नहीं था।

## मुकुंद शशि कुमार और लीनी यसीन के बीच मुकाबले से होगा डेविस कप का आगाज




लखनऊ । भारत के मुकुंद शशि कुमार और मोरक्को के लीनी यसीन के बीच सिंगल्स मुकाबले से शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले का आगाज होगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शुक्रवार को यहां ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का ऐलान किया गया। पहला सिंगल मैच मुकुंद शशि कुमार और लीनी यसीन के बीच गोमतीनगर के विजयंत खंड मिनी कोर्ट में खेला जायेगा जबकि दूसरे सिंगल मुकाबले में भारत में शीर्ष वरीय सुमित नागल का मुकाबला मोरक्को के मुंडीर एडम से होगा।

भारत के दिग्गज टेनिस प्लेयर रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की जोड़ी बेंचेट्रिट इलियट और ललामी लारोसी यूनिस से भिड़ेगी। रिवर्स सिंगल मुकाबलों में सुमित नागल और लीना यसीन भिड़ेंगे जबकि मुकुंद शशि कुमार और मुंडीर एडम एक दूसरे के खिलाफ दमखम का प्रदर्शन करेंगे।

लखनऊ को करीब 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद डेविस कप की मेजबानी का अवसर मिला है। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को होंगे। प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। ड्रा सेरेमनी में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस लीजेंड विजय अमृतराज भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया और उन्होंने सीएम योगी के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया।

# चीनी रक्षा मंत्री शांगफू 3 हफ्तों से गायब

**हथियार खरीदने के मामले में हो रही जांच; अमेरिका ने पद से हटाए जाने की आशंका जताई**



बीजिंग। चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू पिछले 3 हफ्ते से गायब हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। शांगफू सैन्य हथियार की खरीद से जुड़े मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, अमेरिकी सरकार ने आशंका जताई है कि शांगफू को पद से भी हटाया जा सकता है।

अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक चीनी अधिकारी के हवाले से बताया कि डिफेंस मिनिस्टर को पूछताछ के लिए ले जाया गया है। दूसरी तरफ जापान में मौजूद अमेरिकी राजदूत इमैनुएल ने शांगफू के हाउस एरेस्ट में भी होने की आशंका जताई है। 7-8 सितंबर को वियतनाम और सिंगापुर के साथ मीटिंग में शांगफू गायब थे।

उन्हें आखिरी बार 29 अगस्त को बीजिंग में अफ्रीकी देशों के साथ एक सिक्योरिटी फोरम में भाषण देते हुए देखा गया था। उस महीने की शुरुआत में उन्होंने रूस और बेलारूस का भी दौरा किया था। जुलाई में शांगफू की तरह ही चीन के विदेश मंत्री क्चीन गैंग भी लंबे समय तक गायब रहे थे। इन्हें बाद में मंत्री पद से हटा दिया गया था। दरअसल, जुलाई में चीन के रक्षा मंत्रालय में हथियारों की खरीद करने वाली यूनिट ने एक नोटिस जारी किया था। इसमें हथियार की खरीद में बोली लगाने के प्रोसेस से गड़बड़ियां दूर करने की बात कही गई थी। यूनिट ने पब्लिकली ऐसी रिपोर्ट्स मांगी थी, जिसमें गलतियों से जुड़े सबूत हों।

ये रिपोर्ट अक्टूबर 2017 के आसपास के समय से मांगी गई थी। उस दौरान ली शांगफू ही हथियार खरीदने वाले डिपार्टमेंट के हेड थे। वे इस पद पर अक्टूबर 2022 तक थे। रॉयटर्स के मुताबिक, इस यूनिट के 8 और अधिकारियों के नाम भी जांच में शामिल हैं।

### चीन में ताकतवर लोगों का लापता होना नई बात नहीं है

चीन में ताकतवर लोगों का गायब होना कोई नई बात नहीं है। यह मॉडर्न चीन के संस्थापक माओ के समय से चला आ रहा है। माओ के वक्त में हंड्रेड फ्लावर्स कैंपेन चलाया गया था। इसके तहत लोगों को आलोचना करने की छूट दी गई।साथ ही सिस्टम की खामियों को बताने के लिए कहा गया। इसके बाद कई लोगों ने ऐसा किया, लेकिन जिसने भी यह किया, उसका फिर पता नहीं चला।

यानी उन लोगों को ठिकाने लगा दिया गया।ये माओ की चाल थी। दरअसल, वो अंदरखाने मौजूद अपने विरोधियों की पहचान करना चाहते थे। कहा जा रहा है कि यही चाल शी जिनपिंग भी अपना रहे हैं। चीन में गायब होने वाले लोगों की लिस्ट में एक्टर, एक्टिविस्ट से लेकर स्पोर्ट्सपर्सन तक के नाम शामिल हैं।

फरवरी में चीन के ढ्ढञ्ज सेक्टर में बड़ा नाम माने जाने वाले बाओ फान भी गायब हो गए थे। उनके इन्वेस्टमेंट बैंक चाइना रेनेसां के मुताबिक उन्हें एक सरकारी पड़ताल के सिलसिले में बुलाया गया था, जिसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाया था। बाओ फान को चीनी टेक इंडस्ट्री के लिए रेनमेकर माना जाता है।

वे न सिर्फ इंडस्ट्री की सबसे बड़ी कंपनियों के बीच डील कराने के लिए, बल्कि उनके इन्वेस्टमेंट बैंक ने कई स्टार्ट-अप्स में निवेश भी किया था।बाओ फान के माता-पिता डिप्लोमैट थे। उन्होंने नॉर्वे में पढ़ाई की और मॉर्गन स्टैनली तथा क्रेडिट स्युइस जैसे संस्थानों में काम भी किया है। 2015 में उन्होंने अलीबाबा और टेनसेंट के कैब हेलिंग प्लेटफॉर्म्स का मर्जर करवाया था।

# सऊदी में पहली बार हूती विद्रोहियों की बैठक

**यमन में 9 साल से जारी जंग रोकने की कवायद; अब तक 3 लाख लोगों ने जान गंवाई**



सऊदी अरब के अधिकारियों ने गुरुवार को सार्वजनिक तौर पर बताया कि वो यमन में ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के साथ बातचीत कर रहे है। इससे सालों से चल रहे यमन के गृह युद्ध का समाधान ढूंढा जा रहा है। 9 साल से चल रही जंग रुकवाने के मकसद से हूती लीडर्स ने सऊदी में बैठक की है। हर मंच पर एक-दूसरे के खिलाफ दिखने वाले सऊदी के अधिकारियों और हूती विद्रोहियों की ये पहली बैठक है। यमन में जंग और उसके परिणामों की वजह से यमन में 3 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लाख लोग बेघर भी हुए हैं। सऊदी की सेना के यमन में पहुंचने से पहले ही वहां की इकोनॉमी हूती और यमनी लोगों के संघर्ष की वजह से खराब हो चुकी थी। सऊदी के दखल के बाद यहां हालात और खराब हो गए थे।

### मीटिंग में क्या बातचीत हुई??

सऊदी के अल अखबरिया चैनल के मुताबिक, सना में अप्रैल महीने में सऊदी की एक टीम ने दौरा किया था। इसका मकसद यमन में बने राजनीतिक हालातों का समाधान ढूंढ़ना था। इस टीम के दौरे क बाद सऊदी की राजधानी रियाद में भी हूती विद्रोहियों और सऊदी के अधिकारियों की मीटिंग हुई। मीटिंग में यमन में चल रहे युद्ध को खत्म करने और जंग की वजह से बने हालातों से उबरने पर बातचीत की गई। साल के शुरुआत में ही सऊदी ने यमन के डेलिगेशन को राज्य के दौरे पर आने को कहा था। हूती विद्रोहियों के प्रमुख, महदी अल-मशात ने इस मीटिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा- हमारा डेलिगेशन मीटिंग के लिए रियाद जाएगा। शांति हमारा पहला विकल्प था और अब भी है। इसे हासिल करने के लिए सभी को काम करना चाहिए।

### अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को बढ़ावा देना प्राथमिकता : मोमेन

ढाका । बंगलादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने 'राष्ट्रमंडल व्यापार और निवेश फोरम बंगलादेश 2023' कार्यक्रम में आयोजित एक प्रश्नोत्तर सत्र में कहा कि ढाका तथा अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देना देश की प्राथमिकता है। डॉ. मोमेन ने अपने संबोधन में अफ्रीकी देशों के साथ विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऊर्जा, नीली अर्थव्यवस्था और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत व्यापार और निवेश संबंध स्थापित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सत्र में बंगलादेश की दूरदर्शी 'लुक अफ्रीका' नीति पर भी प्रकाश डाला गया जो अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने की रणनीतिक प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

### किम जोंग उन का नाम यूक्रेनी वेबसाइट पर देश के दुश्मन की सूची में

कीव। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग उन को यूक्रेनी नव-नाजी वेबसाइट मायरोटवोरेट्स (पीसमेकर) पर दुश्मनों की सूची में शामिल किया गया है जो कथित तौर पर रूस समर्थक व्यक्तियों की हत्या का आह्वान करती है। यह जानकारी वेबसाइट के आंकड़ों से मिली है। वेबसाइट पर लिखा गया है कि परमाणु ब्लैकमेल, अवैध परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, साइबर अपराध आदि गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उत्तर कोरियाई नेता का नाम शामिल किया गया है। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम को छह सितंबर को 'रूस समर्थक आतंकवादियों, अलगाववादियों, भाड़े के सैनिकों, युद्ध अपराधियों और हत्यारों' की सूची में जोड़ा गया था। मायरोटवोरेट्स वेबसाइट पत्रकारों, डोनेट्स्क और लुहान्स्क के अलग हुए गणराज्यों की सेना और अन्य लोगों का व्यक्तिगत डेटा प्रकाशित करती है, जिन्हें वेबसाइट के निर्माता 'यूक्रेन के दुश्मन' मानते हैं।

### एर्दोगन के 15 सलाहकारों ने दिया इस्तीफा

अंकारा। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के कम से कम 15 सलाहकारों ने उनके 'कायाकल्प' करने के प्रयासों के बीच इस्तीफा दे दिया है। तुर्किये अखबार हुर्रियत ने शुक्रवार को यह रिपोर्ट दी। अखबर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और कोई विशेष राष्ट्रपति आदेश जारी नहीं किया गया है। इसके बजाय, एक विशेष इस्तीफा तंत्र क्रियान्वित कर प्रत्येक सलाहकार को व्यक्तिगत रूप फोन किया गया है जिसमें उनके इस्तीफे को 'कायाकल्प और परिवर्तन' प्रयासों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। अखबार ने कहा है कि इस्तीफा देने वाले अधिकांश सलाहकारों की आयु 65 वर्ष से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके इस्तीफे के बाद, जो कथित तौर पर अभी भी चल रहा है, सलाहकार राजनीतिक परिषदों के सदस्य बने रहेंगे। राष्ट्रपति की उनको पदोन्नत करने की योजना हैं।

### जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति ने दूसरे कार्यकाल के लिए पेश किया एजेंडा

हरारे। अफ्रीकी देश जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने पिछले महीने दोबारा चुनाव के बाद अपने दूसरे कार्यकाल के लिए एजेंडा पेश किया है। मनांगाग्वा ने गुरुवार को कहा कि नई सरकार जिम्बाब्वे के विज़न 2030 को प्राप्त करने के लिए जन-केंद्रित विकास को गति देगी, जो वर्ष 2030 तक दक्षिणी अफ्रीकी देश को उच्च-मध्यम आय अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ाने का प्रयास करता है। उन्होंने मांग की कि हाल ही में शपथ लेने वाले कैबिनेट मंत्रियों और सार्वजनिक क्षेत्र के नेताओं ने लोगों की आजीविका में सुधार किया है और कार्यालय में अपने पहले पांच साल के कार्यकाल के दौरान अर्जित गति को आगे बढ़ाया है। मनांगाग्वा ने सोमवार को 26 सदस्यीय कैबिनेट की नियुक्ति की। उन्होंने कहा, हमारे लोग गुणवत्तापूर्ण, किफायती और सुलभ सेवाओं के हकदार हैं। कमजोर वर्ग के लोगों, महिलाओं और युवाओं को गरीबी से बाहर निकालकर समृद्धि की ओर ले जाना चाहिए।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार यात्रियों की जान चली गई और 19 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली दुर्घटना गुरुवार देर रात दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक जिले में हुई, जिसमें दो बच्चों सहित तीन यात्रियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। एक अन्य दुर्घटना गुरुवार रात पश्चिमी घोर प्रांत में उस समय हुई, जब एक मिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में जर्जर सड़कें, यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी, पुराने वाहन और लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### तमिलनाडु में अवैध रेत खनन मामले में ईडी ने की छापेमारी की बड़ी कार्रवाई

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु में अवैध रेत खनन मामले में रेत खनन के कार्य में लगे कुछ व्यवसायियों के 34 ठिकानों पर छापे डाले हैं। इस कार्रवाई के दौरान दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, एक किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया गया तथा 12 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की गयी है। ईडी ने एक बयान में शुक्रवार को बताया कि उसकी टीमों ने तमिलनाडु के छह जिलों में 34 जगह तलाशी की कार्रवाई की है जिनमें कुछ व्यवसायियों, राज्य के जल संसाधन विभाग के कुछ अधिकारियों के ठिकानों के साथ रेत रखने के आठ यार्ड भी हैं। यह कार्रवाई 12 सितंबर को की गयी। बयान में कहा गया है कि इन ठिकानों में एस.रामचंद्रन, के. रतिनम, करिकलन और उनके कुछ सहयोगियों तथा आडिटर पी षणमुगराज के घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के कुछ अधिकारियों के ठिकानों पर भी ईडी ने तलाशी ली है। ईडी का कहना है कि तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और 12.82 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की है और 2.33 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी तथा 56.86 लाख रुपये के मूल्य का 1024.6 ग्राम सोना जब्त किया है।

### मोदी ने सर एम विश्वेश्वरैया को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियंता दिवस के अवसर पर सर एम विश्वेश्वरैया को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सभी कर्मनिष्ठ अभियंताओं को शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री ने एक एक्स (पूर्व ट्वीटर) पोस्ट में कहा कि सर एम विश्वेश्वरैया से पीढ़ियों को नवप्रवर्तन और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री ने चिक्काबल्लापुरा की झलकियां भी साझा कीं, जहां उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में अपनी यात्रा के दौरान सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि दी थी। मोदी ने कहा, अभियंता दिवस पर हम एक दूरदर्शी अभियंता और राजनेता सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनसे पीढ़ियों को नवप्रवर्तन और राष्ट्र सेवा करने की निरंतर प्रेरणा मिलती हैं। यह चिक्काबल्लापुरा की झलकियां हैं, जहां मैंने इस वर्ष की शुरुआत में अपनी यात्रा के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने यह भी लिखा, अभियंता दिवस पर सभी परिश्रमी अभियंताओं को बधाई! उनकी नवोन्वेषी सोच और अथक समर्पण हमारे देश की प्रगति का आधार रही है। बुनियादी ढाँचे की विशिष्टताओं से लेकर तकनीकी सफलताओं तक, उनका योगदान हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा है।

### राजनयिकों के हिन्दी प्रेम पर मोदी हुए मंत्रमुग्ध

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अन्य अधिकारियों के हिन्दी के प्रति प्रेम एवं हिन्दी की कहावतों एवं दोहों को सोशल मीडिया पर साझा करने की सराहना की है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओआम ने ट्वीटर (अब एक्स) पर कल देर रात एक पोस्ट में एक वीडियो साझा किया है जिसमें उच्चायोग के अधिकारी अपनी पसंदीदा मुहावरे एवं दोहे कह रहे हैं। उच्चायुक्त कहते हैं – हिंदी न केवल ऑस्ट्रेलिया में, बल्कि दिल्ली स्थित हमारे राजनयिकों के बीच भी लोकप्रिय है। आज हिन्दी दिवस के अवसर पर हमारे राजनयिक अपनी पसंदीदा हिंदी कहावतें, जो उन्हें प्रेरित करती हैं आपसे साझा कर रहे हैं। बाद में उच्चायोग के अधिकारी दोहे या मुहावरे कहते हैं – 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी तो बहुरि करेगो कब', 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती', 'जैसा देश वैसा वेष', 'सांच को आंच नहीं' और 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो'। मोदी इस पर टिप्पणी करते हैं, आपके ये दोहे और मुहावरे मंत्रमुग्ध करने वाले हैं! ऑस्ट्रेलिया के राजनयिकों का हिन्दी के प्रति ये लगाव बेहद ही दिलचस्प है। इसके जवाब में उच्चायुक्त कहते हैं – आपके प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी। हम अभ्यास करते रहेंगे!

### आटो समेत चार लोग पानी में बहे

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के बोरदेही थाना क्षेत्र में आज एक ऊफनती नदी का रपटा पार करने के दौरान आटो समेत चार लोग बह गए। बोरदही थाना प्रभारी सर्विंद धुर्वे ने बताया कि बेहड़ और मुआरियाँ के बीच बहने वाली भैंसाही नदी के रपटे से ऑटो पार कर रहे चार लोग बाढ़ में बह गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस लापता लोगों को खोजने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। ऑटो मोआरिया गांव के इमरत पेंड्राम का बताया जा रहा है। ऑटो में गणेश इडपाचे, राम सिंह विश्वकर्मा और एक अन्य सवार थे। चारो समीप के नरेरा गांव में लगने वाले बाजार से अपने गांव मुआरिया लौट रहे थे। भैंसाही नदी के रपटे में बाढ़ आने के बावजूद इमरत पेंड्राम ने अपना ऑटो नदी में डाल दिया। बाढ़ का पानी तेजी से बहने के कारण ऑटो बाढ़ में बह गया। ऑटो में सवार सभी चारों लोग बह गए हैं। बैतूल से भी एसडीआरएफ के दल ने मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान को तेज कर दिया है। लगातार बारिश और अंधेरा होने से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में दिक्कत आ रही है। पुलिस लापता लोगों को खोजने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। सोशल मीडिया पर भी इस घटना का एक वीडियो सामने आया है।

### पैसा वसूली संबंधी मंत्री के स्टाफ का वीडियो जारी

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने आज राज्य के एक मंत्री के कथित नजदीकी व्यक्ति द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से धन वसूली की बातचीत संबंधी वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया कि विभाग में अवैध वसूली का कार्य चल रहा है। मिश्रा ने यहां सोशल मीडिया के जरिए एक विज्ञप्ति जारी करने के साथ ही तीन वीडियो जारी किए हैं। मिश्रा का दावा है कि राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के ओएसडी रहे बृजेंद्र श्रीवास्तव विभाग के तत्कालीन प्रमुख अभियंता बी एस चंदेल के कक्ष में बैठकर अपना रुतबा दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों से धन वसूली संबंधी बात कर रहे हैं। मिश्रा ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब राज्य सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस की बात करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर सुशासन और पारदर्शिता पर जोर देते हैं, तो मंत्री के ओएसडी के इस कृत्य को किस श्रेणी में शामिल किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि धन वसूली करने वाला संबंधित अधिकारी राज्य की पंचायतों से अवैध रूप से वसूली के कार्य में लगा है और इस संबंध में शिकायतें मुख्यमंत्री के समक्ष किए जाने के बाद ओएसडी को हटाने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन वह अब भी पूर्व की तरह कार्य कर रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि संबंधित अधिकारी को किसका संरक्षण प्राप्त है, यह सार्वजनिक होना चाहिए।

### मोदी ने दुनिया के सामने अपनी सभी क्षेत्रों में अद्भुत क्षमता को दिखाया है–नड्डा

पत्थलगांव, 15 सितंबर (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि विश्व में आर्थिक मंदी के दौर में भी भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बना कर 5 वें नम्बर पर अपना स्थान बनाया है। नड्डा छत्तीसगढ़ के जशपुर पहुंचे थे। उन्होंने यहां बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरीझंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी की बेहतरीन नीतियों से वर्ष 2024 के बाद भारत तीसरे स्थान पर पहुंच कर विश्व में एक उदाहरण प्रस्तुत कर देगा। नड्डा ने कहा कि अब भारत पिछलग्गू देश नहीं है, बल्कि जी 20 सम्मेलन का उल्लेख करते हुऐ उन्होंने कहा कि आज श्री मोदी ने दुनिया के सामने अपनी सभी क्षेत्रों में अद्भुत क्षमता को दिखाया है। इस दौरान जशपुर के खेल मैदान में विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के झूठे वायदों को जन जन तक बताने के लिए यह परिवर्तन यात्रा सरगुजा संभाग की सभी 40 विधानसभा में भ्रमण करेगी इसके बाद बिलासपुर जिले में समापन होगा। नड्डा ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को एक छलावा सरकार कहा। उन्होंने कहा कि जशपुर की धरती पर स्व.दिलीपसिंह जूदेव ऐसे नेता हुऐ हैं जिन्होंने सभी को एकता की डोर मे बांध दिया था।

# पैंतालीस हजार करोड़ के रक्षा खरीद प्रस्ताव मंजूर

## 12 सुखोई लड़ाकू विमान खरीदे जायेंगे

नयी दिल्ली। सरकार ने सशस्त्र सेनाओं को नयी चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए वायु सेना के लिए 12 सुखोई लड़ाकू विमानों, सेना के लिए बहुउद्देशीय हल्के बख्तरबंद वाहनों, नौसेना के लिए नयी पीढी के सर्वेक्षण पोत और हवा से सतह पर मार करने वाली छोटी दूरी की ध्रुवास्त्र मिसाइलों की खरीद सहित 45 हजार करोड़ रूपये के नौ रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इन प्रस्तावों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है। ये सभी खरीद स्वदेशी कंपनियों से की जायेंगी। ये रक्षा साजो- सामान देश में ही डिजाइन, विकसित और विनिर्मित होंगे जिससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढेगी।



खरीद परिषद ने लड़ाकू विमानों की कमी का सामना कर रही वायु सेना की ताकत बढाने की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए सभी उपकरणों से लैस 12 सुखाई –30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी है। ये विमान रक्षा क्षेत्र के सरकारी उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदे जायेंगे। सेना की मैकेनाइज्ड इकाई की मारक क्षमता बढाने के लिए बहुउद्देशीय हल्के बख्तरबंद वाहनों और एकीकृत निगरानी तथा लक्ष्य प्रणाली की खरीद को भी मंजूरी दी गयी है।

खरीद परिषद ने तोपों तथा राडारों की तेजी से मोर्चों पर तैनात करने के काम में आने वाले हाई मोबिलिटी व्हीकल (एचएमवी) तथा तोपों को खींच कर ले जाने वाले गन टोइंग वाहनों की खरीद के प्रस्ताव को भी जरूरत के आधार पर स्वीकार किया है। नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दी गयी है जिससे नौसेना के हाइड्रोग्राफी अभियानों की क्षमता बढ जायेगी। इसके अलावा लक्ष्य को सटीक तरीके से भेदने और अभियानों की विश्वसनीयता बढाने के वास्ते वायु सेना के लिए डोर्नियर विमानों की वैमानिक प्रणाली में सुधार तथा स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकाप्टर (एएलएच एमके-4) के लिए हवा से सतह पर मार करने वाली करने वाली छोटी दूरी की निर्देशित ध्रुवास्त्र मिसाइल की खरीद को भी मंजूरी दी गयी है।

बैठक में सिंह ने कहा कि अब स्वदेशीकरण की दिशा में लक्ष्यों को बढाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, आईडीडीएम परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री की सीमा के बजाय, हमें न्यूनतम 60-65 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य रखना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, तीनों सेनाओं के प्रमुखों, रक्षा सचिव और रक्षा अधिग्रहण महानिदेशक को भारतीय विनिर्माताओं से बातचीत कर के देश में विनिर्मित की जाने वाली हथियार प्रणालियों में स्वदेशी सामग्री की न्यूनतम सीमा को और बढाने की दिशा में कार्य करने को कहा है।

## प्रौद्योगिकी के खतरों से निपटने के लिए प्रशिक्षण तथा सख्त कानून जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने दिनों दिन बदल रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों को हर तरह से प्रशिक्षित करने और प्रभावशाली कानूनों को सख्ती से लागू करने पर बल दिया है।

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित होमलैंड सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस 2023 में आंतरिक सुरक्षा और पुलिसिंग के भविष्य पर चर्चा के दौरान ये विचार व्यक्त किये गये।

सीमा सुरक्षा बल और उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह ने कहा कि भारत में बढ़ते डिजिटलीकरण से साइबर जोखिम बढ़ गया है। उन्होंने विशेषकर आंतरिक सुरक्षा अनुप्रयोगों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी संभावनाओं और जोखिमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी अपनाने में देरी के बावजूद, भारत कानून प्रवर्तन क्षमताओं को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने प्रौद्योगिकी से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों और कानून प्रवर्तन को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। फिक्की कमेटी ऑन प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री की सलाहकार मंजरी जरुहर ने 'स्माइल' और 'मुस्कान' पहल में राज्य के पुलिस विभागों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के निदेशक डॉ. अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण पहलू बनकर उभरे हैं। उन्होंने गेम-चेंजर के रूप में प्रौद्योगिकी की भूमिका का भी उल्लेख किया।

## ईडी कविता खिलाफ समन की तारीख आगे बढ़ाने को हुई सहमत, 26 को सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की शराब नीति मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को जारी किए गए समन पर 10 दिन की मोहलत देने को राजी हो गया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने इसके बाद इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 26 सितंबर मुकर्रर कर दी। पीठ ने जब मामले को 26 सितंबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया तो कविता के वकील ने समन को तब तक के लिए टालने की गुहार लगाई। कविता ने मामले में ईडी के समन को चुनौती दी थी और गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया था। पीठ के समक्ष ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने इससे पहले कहा था कि कविता पहले भी दो बार इस एजेंसी के सामने पेश हो चुकी हैं। अगर उन्हें कोई कठिनाई हुई तो समन की तारीख बढ़ा दी जाएगी। ईडी ने दिल्ली की शराब नीति में कुछ अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में कविता को पूछताछ के लिए शुक्रवार को अपने दिल्ली कार्यालय बुलाया था। शीर्ष अदालत 15 मार्च को कविता की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हुई थी। वह इससे पहले मार्च में ईडी के सामने पेश हुई थीं। उस वक्त एजेंसी ने उनसे पूछताछ की थी, तो बीआरएस नेता ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। इस मामले में ईडी और सीबीआई ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया समेत कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया था। इस मामले में कविता से पहले सीबीआई ने पूछताछ की थी। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने यह आरोप लगाया गया था कि कविता ने घोटाले में शामिल शराब कंपनी इंडोस्पिरिटिस में बेनामी निवेश किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि अरुण रामचंद्रन पिल्लई ने इंडोस्पिरिट्स में कविता का प्रतिनिधित्व किया।

## आदिवासियों ने देश के लिए बलिदान दिया : सिंधिया

झाबुआ। केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आदिवासियों ने हमेशा देश के लिये बलिदान दिया है। सिंधिया आज जन आर्शीवाद यात्रा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, टंटया मामा ने देश के लिये अपने प्राण न्यौछावर किये है। भाजपा आदिवासियों की हितेषी पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदिवासी हितेषी मुख्यमंत्री है। आदिवासियों के लिये पेसा कानून को प्रदेश में लागू किया है जिसके चलते आदिवासी अपना फैसला गांवों में स्वंय ले सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का पूरे विश्व में नाम बढाया है। मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। भाजपा की सरकार प्रदेश और देश का विकास करने वाली पार्टी है। सिंधियां ने जोबट, रानापुर में रोड शो भी किया।

## इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर का पहले चरण का रविवार को लोकार्पण करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नयी दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) का पहला चरण 'यशोभूमि' राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25' तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का भी उद्घाटन करेंगे।

आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'यशोभूमि' को करीब 5400 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह एक भव्य कन्वेंशन सेंटर, कई प्रदर्शनी हॉल और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है।

इसमें 73 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बने कन्वेंशन सेंटर में मुख्य सभागार, ग्रैंड बॉलरूम सहित 15 सम्मेलन कक्ष और 13 बैठक कक्ष शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता 11 हजार प्रतिनिधियों की है। कन्वेंशन सेंटर में देश का सबसे बड़ा एलईडी मीडिया अग्रभाग है। कन्वेंशन सेंटर



का पूर्ण हॉल में छह हजार मेहमानों की बैठने की क्षमता है।

'यशोभूमि' में दुनिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी हॉलों में से एक है। उन्होंने बताया कि 1.07 लाख वर्ग मीटर से अधिक में बने इन प्रदर्शनी हॉलों का उपयोग प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और व्यावसायिक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए किया जाएगा।

इसमें 100 प्रतिशत अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग, वर्षा जल संचयन के प्रावधानों के साथ अत्याधुनिक अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली का उपयोग किया गया है और इसके परिसर को सीआईआई के भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) से प्लेटिनम प्रमाणन प्राप्त हुआ है। आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च तकनीक सुरक्षा प्रावधानों से भी सुसज्जित है। यह तीन हजार से अधिक कारों के लिए भूमिगत कार पार्किंग सुविधा भी 100 से अधिक इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट से सुसज्जित है।

नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25' के उद्घाटन के साथ 'यशोभूमि' दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से भी जुड़ जाएगी। नए मेट्रो स्टेशन में तीन सबवे होंगे – स्टेशन को प्रदर्शनी हॉल, कन्वेंशन सेंटर और सेंट्रल एरिना से जोड़ने वाला 735 मीटर लंबा सबवे; द्वारका एक्सप्रेसवे में प्रवेश/निकास को जोड़ने वाला दूसरा सबवे; जबकि तीसरा सबवे मेट्रो स्टेशन को यशोभूमि के भविष्य के प्रदर्शनी हॉल के फ़ोयर से जोड़ता है।

# हिमाचल की त्रासदी को लेकर प्रियंका ने लिखा मोदी को पत्र

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश को तबाह कर दिया है और वहां पूरी तरह से पुनर्निर्माण की जरूरत है इसलिए पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए।

वाड्रा ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा मैं आपसे अपील करती हूँ कि इस आपदा को 2013 की केदारनाथ त्रासदी की तरह राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये और पीड़ितों तथा राज्य को आर्थिक मदद पहुँचाई जाये ताकि हिमाचल के भाई-बहनों को राहत मिले और राज्य का समुचित ढंग से पुनर्निर्माण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की जनता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर त्रासदी से निपटने के लिए लगातार काम कर रही है। वहां लोग एकजुट



होकर श्रमदान कर रहे हैं और चंदा जुटाकर राहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। आपदा से निपटने की लोगों की यह एकजुटता बहुत प्रभावित करती है और उनकी समस्याओं को इससे समझा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस त्रासदी से पीडित हिमाचल के साथ आज पूरा देश आगे बढ़कर खड़ा हो रहा है और उन्हें उम्मीद है कि हिमाचल की जनता के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए श्री मोदी उनकी मदद के लिए उचित कदम उठाएँगे।

वाड्रा ने कहा, पिछले दिनों मैं शिमला, कुल्लू, मनाली और मंडी में आपदा पीड़ितों से मिली। हर तरफ हुई तबाही देखकर बहुत दु:ख हुआ। अब तक इस आपदा में 428 लोगों ने जान गँवाई है। कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपने सभी परिजन इस आपदा में खो दिए। मृतकों में छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जो अपनी माताओं के साथ सावन के अंतिम सोमवार को सुबह-सुबह शिव मंदिर में पूजा करने गए थे।

राज्य में 16,000 से ज्यादा पशु-पक्षी मारे गये हैं जिनमें 10,000 से अधिक पोल्ट्री बर्ड और 6,000 से अधिक गाय, भैंसे तथा अन्य पालतू जानवर हैं। इसमें 13,000 से ज्यादा घर और मकान पूरी तरह या आंशिक रूप क्षतिग्रस्त हुए हैं। शिमला से परवाणू राष्ट्रीय राजमार्ग और कुल्लू-मनाली-लेह राजमार्ग के बड़े-बड़े हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। राज्य की अनेक सड़कें पूर्णत: या अंशत: टूट चुकी हैं। प्रदेश को हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है।

उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि इस त्रासदी में जब हिमाचल की जनता मदद की उम्मीद में चारों ओर देख रही है, उसी समय केंद्र सरकार द्वारा विदेशी सेब पर आयात कर घटाने से हिमाचल के सेब किसानों और बागबानों पर दोहरी आर्थिक मार पड़ेगी। श्रीमती वाड्रा ने कहा, मेरी समझ में, इस मुश्किल वक्त में किसानों को ऐसी चोट नहीं देनी चाहिए बल्कि केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल के किसानों को किसी भी तरह की आर्थिक मदद मिल पाये तो उन्हें सहूलियत मिलेगी।

## कार्यसमिति की बैठक में होगा विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विचार : कांग्रेस

हैदराबाद/नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि हैदराबाद में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की पहली बैठक हो रही है जिसमें पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट करते हुए यह जानकारी दी और कहा कि पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को तेलंगाना के हैदराबाद में थुकुगुड्डा के राजीव गांधी प्रांगण में संवाददाता सम्मेलन में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धाक संस्था कांगेस कार्य समिति की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि समिति की पहली बैठक कल हो रही है जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श करने के साथ ही देश के समसामयिक राजनीतिक मुद्दों तथा जनता की समस्याओं पर विचार किया जाएगा1 उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे शनिवार को हैदराबाद में पार्टी की नवगठित सर्वोच्च नीति निर्धाक संस्था कार्यसमिति की पहली बैठक बई है जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कार्यसमिति में स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ ही कांग्रेस शासित चार राज्यों के मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। इस बैठक में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव ने उम्मीद जताई कि इन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीतेगी और सभी पांच राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## मत्स्य-उत्पादन में म.प्र. सरकार बधाई की पात्र : रूपाला

भोपाल। केन्द्रीय मत्स्य-पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री पुरूषोत्तम रूपाला ने कहा है कि गत 3 वर्षों में मध्यप्रदेश में मत्स्य-उत्पादन में 3 गुना वृद्धि हुई है। प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य-संपदा योजना और मछुआरा क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से मत्स्य-उत्पादन बढ़ा है और मछुआरों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री रूपाला ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा भोपाल में 25 करोड़ रूपये की लागत से एक्वा पार्क के निर्माण की मंजूरी दे दी गई है। पार्क में अनुसंधान केन्द्र, प्र-संस्करण सुविधा, जल पर्यटन, सजावटी मत्स्य-पालन जैसी सुविधाएँ होंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तटीय मत्स्य-पालन अधिनियम (कोस्टल एक्वाकल्चर एक्ट) के संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। भारत को अपनी वैश्विक रैंकिंग को बनाये रखने के लिये झींगा पालन को बढ़ावा देना चाहिए। प्रधानमंत्री मत्स्य-संपदा योजना के देश में क्रियान्वयन के सफल 3 वर्ष पूरे होने पर आज ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री रूपाला और प्रदेश के जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया। केन्द्रीय मत्स्य-पालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान एवं डॉ. एल. मुरूगन, अध्यक्ष मध्यप्रदेश मत्स्य कल्याण बोर्ड सीताराम बाथम, अरूणाचल प्रदेश के कृषि बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य-पालन मंत्री तागे ताकी और सांसद शंकर लालवानी उपस्थित थे।

जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में मछुआ समुदाय का योगदान सराहनीय है। मछुआ समुदाय का चहुँमुखी विकास जरूरी है और मध्यप्रदेश सरकार इसके लिये संकल्पित और प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सफल क्रियान्वयन से गत 3 वर्षों में मछुआ समाज के कल्याण और मत्स्य-पालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हुई है।

रूपाला ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के लिये पीएमएमएसवाय में 103 करोड़ 11 लाख रूपये लागत की 239 नयी मत्स्य-पालन परियोजनाएँ स्वीकृत की हैं।

## हथियारों के साथ पंजाब के दो व्यक्तियों समेत तीन गिरफ्तार

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के वरला थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने पंजाब के दो हथियार खरीददार समेत तीन व्यक्तियों को 30 हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। 2 दिन पूर्व संलग्न जिले खरगोन में भी 25 हथियार जब्त किए गए थे। सेंधवा के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कमल सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आज वरला पुलिस ने मध्यप्रदेश महाराष्ट्र सीमा पर स्थित ग्राम गेरू घाटी में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनके पास से अवैध रूप से निर्मित 30 पिस्टल, कारतूस, एक दु पहिया वाहन तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। हथियार खरीद दारों की पहचान पंजाब के अमृतसर क्षेत्र के एकता नगर निवासी अर्जुन मलिक और अभी अटवाल के रूप में हुई जबकि हथियार निर्माता व विक्रेता बड़वानी जिले के वरला थाना क्षेत्र के उमरठी ग्राम निवासी नरेंद्र सिंह टकराना है। उन्होंने बताया कि पंजाब निवासी दोनों नौजवान यहां से हथियार खरीद कर अपने क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचते हैं।

# शिवराज ने सिलेंडर रिफिलिंग योजना का किया शुभारंभ

इंदौर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहनों को खुशखबरी देते हुए कहा कि रसोई गैस सिलेंडर सिर्फ 450 रूपए में उपलब्ध होगा। उन्होने सिलेंडर रिफिलिंग योजना का शुभारंभ किया। चौहान ने साई हॉकी स्टेडियम टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को ओंकारेश्वर से वर्चुअली संबोधित किया तथा टीकमगढ़वासियों को शुभकामनाएँ दीं। टीकमगढ़ जिले की जतारा तहसील के बिलगांय गाँव की लक्ष्मी रैकवार योजना की पहली हितग्राही बन गई है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और वन राज्य मंत्री राहुल सिंह ने लक्ष्मी रैकवार से 450 रूपये में घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिये आवेदन की प्रक्रिया पूरी करवाई। इसी प्रकार टीकमगढ़ के वार्ड नं. 26 की निवासी योजना की दूसरी उज्जवला योजना की हितग्राही अभिलाषा साहू से पंजीयन प्रक्रिया की पूर्ति करवाई।

चौहान ने टीकमगढ़ में 268 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले नवीन



चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण का भूमि-पूजन किया। इसकी लागत 268 करोड़ आयेगी, टीकमगढ़ तहसील के ग्राम मधुबन की 35 एकड़ जमीन में बनेगा। इसमें 100 एमबीबीएस सीट की व्यवस्था रहेगी। आधुनिक सुबिधाओं और उपकरणों से यह सुसज्जित रहेगा। मेडिकल कॉलेज के आरंभ होने से टीकमगढ़ सहित आस-पास के जिले भी लाभान्वित होंगे

श्री चौहान ने कहा कि टीकमगढ़ पहुँचकर आपसे प्रत्यक्ष चर्चा करने की मेरी प्रबल इच्छा थी, पहले भी कार्यक्रम बनाया था परंतु आपसे प्रत्यक्ष चर्चा संभव नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज निरंतर वर्षा के कारण टीकमगढ़ आ पाने में असमर्थ रहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं शीघ्र ही टीकमगढ़ आकर आपसे रू-ब-रू चर्चा करूंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टीकमगढ़वासियों को मेडिकल कॉलेज के लिए बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज से प्रतिवर्ष 100 डॉक्टर तैयार होंगे। कुल 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में फैला मेडिकल कॉलेज आधुनिकतम उपकरणों से सुसज्जित होगा।

मेडिकल कॉलेज के आरंभ होने से टीकमगढ़ सहित आस-पास के जिले भी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीकमगढ़ अपने प्राकृतिक सौन्दर्य और सांस्कृतिक समृद्धता के लिए प्रसिद्ध है। सरकार और टीकमगढ़वासी मिलकर टीकमगढ़ को सुंदर शहर के रूप में विकसित करेंगे। चौहान ने कहा कि मैंने अपनी लाड़ली बहनों से राखी पर 450 रूपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया था, यह भी कहा था कि यह सुविधा जारी रखी जाएगी। मैंने वह वचन पूरा करते हुए इसके लिए योजना लागू कर दी है।